आषाढ़ शुक्ल पक्ष -14, 2081 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 30 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
20 जुलाई 2024
शनिवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम
32 अधिकतम
24 न्यूनतम

Government of Madhya Pradesh | MPIDC MP INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION LTD.

MSME | The heart of Incredible India

## A Confluence of Industries at "संस्कार धानी"

## INVEST MADHYA PRADESH

REGIONAL INDUSTRY CONCLAVE

**20th July, 2024, Jabalpur**

Netaji Subhash Chandra Bose Cultural and Information Centre



Narendra Modi
Prime Minister



Dr. Mohan Yadav
Chief Minister

## INAUGURATION

by

## Dr. Mohan Yadav

Chief Minister, Madhya Pradesh

Guests of Honour

**Rakesh Singh**
Minister, Public Works Department, Govt. of MP

**Chetanya Kasyap**
Minister, MSME, Govt. of MP

9:00 am Onwards

3500+ Participants

5 Sectoral Sessions

500+ Buyer-Seller Meetings

Cultural Programme

CONCLAVE HIGHLIGHTS: BUYER & SELLER MEETINGS | THEMATIC SESSIONS | ONE-TO-ONE MEETINGS | EXHIBITIONS

*"Strengthening MSME Fuelling Regional Growth"*

• FOREIGN DELEGATES •
Taiwan | Malaysia | UK | Fiji | Costa Rica | Indonesia



Knowledge Partner: EY Building a better working world

Website : invest.mp.gov.in

National Partner: CII Confederation of Indian Industry

सीधा प्रसारण | Webcast.gov.in/mp/cmevents | @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh | @Cmmadhyapradesh @JansamparkMP | JansamparkMP

MPIDC(@MPIDC)/Twitter | MP Industrial Development Corporation (MPIDC) | MPIDC I Facebook | MPIDC (@mpidc_gomp) | MPIDC - YouTube

Designed by M.P. Madhyam/2024

Released by the Department of Public Relations, M.P.

D-11035/24



## एक घंटे की बारिश से सड़को पर बना तालाब गाड़िया तैरती हुई दिखी



आओ सखी मेरा हाथ पकड़ो पानी के तेज बहाव से हाथ पकड़कर दृश्य लिंक रोड नम्बर एक स्थित

**राजधानी में चार दिनों की तेज बारिश ने तमाम प्रोजेक्ट्स की कलई खोली**

# सड़कें बन रहीं तालाब, सारे दावे और सिस्टम बेनकाब

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

राजधानी में बरसात का तेज दौर इस बार सीवेज सिस्टम पर फिर बहुत भारी पड़ रहा है। यह स्थिति तब है जबकि इस सिस्टम पर हर साल करोड़ों रुपए खर्च किए जाते हैं,मगर तेज बारिश होते ही राजधानी पानी-पानी हो जाती है। बीते चार दिन से यही हाल है। जब दोपहर में तेज बादल बरसते हैं तो सड़कों पर नाव चलने लायक पानी जमा हो जाता है और काफी देर जमा रहता है। सड़कों पर इतना पानी भर रहा है कि पैदल चलना भी दुश्वार है। घंटों जाम के हालात भी बन रहे हैं। जबकि बारिश से पहले महापौर मालती राय, कमिश्नर हरेंद्र नारायण समेत अन्य जिम्मेदारों के दावे थे कि अबकी बार भोपाल में कहीं भी जलभराव नहीं होगा।

### दो दशक में 600 करोड़ के प्रोजेक्ट

राजधानी में बीते दो दशक में भोज वेटलैंड, जेएनएनयूआरएम, प्रोजेक्ट उदय और प्रोजेक्ट अमृत समेत अन्य योजनाओं के काम को देखें तो शहर के सीवरेज और ड्रेनेज पर लगभग पांच सौ करोड से ज्यादा ही खर्च हो चुके हैं। दूसरी ओर, इनके मेंटेनेंस के नाम पर हर साल दो करोड़ रुपए तक खर्च किए जाते हैं। मगर पानी की निकासी का बेहतर प्लान मैदान पर नजर नहीं आता।



### जलभराव के कई 'नामचीन अड्डे'

- **हमीदिया रोड स्थित अल्पना टाकीज तिराहे पर** पानी भरने से जाम की स्थिति विकट हो जाती है। इससे हजारों लोगों का कामकाज अटक जाते हैं। पिछले दिनों महापौर मालती राय ने इलाके का निरीक्षण किया और कहा था कि समस्या का स्थायी हल ढूंढेंगे।लेकिन इस बरसात में यह समस्या हल होती नहीं दिखती।
- **भोपाल के नए इलाके में देखें त बोर्ड ऑफिस चौराहा से ज्योति टॉकीज चौराहा** की सड़क हर बरसात में लबालब हो जाती है। इसका हल निकालने के लिए स्मार्ट सिटी कंपनी ने स्मार्ट स्ट्रीट के तहत अन्य कामों के साथ नाले का चैनेलाइजेशन भी किया। इस पूरे काम पर करीब 7 करोड़ रुपए खर्च किए। फिर भी यहां घुटनों तक पानी से होकर ही गुजरना पड़ता है। इस पूरे मार्ग पर भारी ट्रेफिक का दबाव है,जो थम जाता है।
- **बोर्ड आफिस से न्यूमार्कट आने वाली लिंक रोड-1** पर भी इन दिनों लबालब पानी भर रहा है,खासकर पीसीसी से शिवाजी नगर चौराहे तक सड़के लबालब भर रही हैं। वहीं आगे रोशनपुरा से पॉलीटेक्निक चौराहे की ओर चौराहे की सड़क तालाब सी नजर आती है। बारिश थमने के बाद पानी उतरने में दो घंटे लग जाते हैं।
- **नये शहर में मनीषा मार्केट से प्रशासन अकादमी के बीच** पानी भरने की समस्या भी सनातन है। इस परेशानी का हल निकालने के लिए शाहपुरा तालाब का आउटलेट करीब दो फीट नीचे किया जाना प्रस्तावित है। सालभर पहले भी यहां लाखों रुपए खर्च कर नगर निगम ने ड्रेनेज सिस्टम बनाया मगर इसका कोई असर नहीं है। बारिश ज्यादा हो तो यहां घुटने तक पानी भर जाता है और रास्ता पूरी तरह से बंद हो जाता है।
- **इसी तरह व्यस्ततम भोपाल टॉकीज रोड** पर भी बारिश में जलभराव हो रहा है। यहां का नाला संकरा होने से बारिश में यह उफन पड़ता है। बताते हैं कि पुलिया पीडब्ल्यूडी की है और नाला नगर निगम का इसलिये दोनों एजेंसियों के बीच आपसी तालमेल की कमी है। निगम ने चार साल पहले 4 करोड़ खर्च करके नाले की ऊंचाई बढ़ाई,मगर इन दिनों भी सैफिया कॉलेज रोड पर घुटनों तक पानी भर रहा है।

### कर्मकांड बन कर रह गया सर्वे

राजधानी ने तेज बरसात के 2016 के दौर में बाढ भी भोगी है। तब नगर निगम ने एक सर्वे कराया था। इसमें सामने आया कि 10840 अतिक्रमण नालों पर कर लिए गए हैं। फिर इन्हें हटाने की कार्रवाई हुई। दावा किया गया कि नालों से ज्यादातर अतिक्रमण हटा दिया गया है, लेकिन हकीकत यह है कि प्रमुख बड़े नालों के आसपास अतिक्रमण आज भी नहीं हटा है। इसीलिये यह हालात हैं।

**मंत्री से मिले एम्स डायरेक्टर**

# एम्स के अनुभव से मध्यप्रदेश सरकार की स्वास्थ्य व्यवस्था सुधारने की पहल



भोपाल, दोपहर मेट्रो।

एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक डॉ अजय सिंह ने मिलकर संस्थान की उपलब्धियों तथा प्रदेश में आपातकालीन चिकित्सा सेवा प्रदान प्रणाली को सशक्त करने के लिए किए जा रहे प्रयासों की अद्यतन स्थिति की जानकारी उप-मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल को दी। शुक्ल ने आशा व्यक्त की, कि एम्स भोपाल के अनुभव और सहयोग से स्वास्थ्य व्यवस्था और सशक्त होगी। उल्लेखनीय है कि स्वास्थ्य मिशन के सहयोग से एम्स भोपाल द्वारा मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के 500 से अधिक डॉक्टर एवं नर्सिंग अधिकारियों को आपातकालीन चिकित्सा संबंधित प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सिंह ने उप मुख्यमंत्री को एम्स भोपाल द्वारा आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में उठाए गए सुधारात्मक कदमों के बारे में विस्तार से बताया। डॉ. सिंह ने कहा कि एम्स भोपाल आपातकालीन चिकित्सा में लगातार उन्नत तकनीकी को सम्मिलित कर रहा है ताकि आपातकालीन स्थितियों में त्वरित इलाज सुनिश्चित किया जा सके।

कॉलेजों की सूची में दूसरे स्थान पर

-सिंह ने बताया कि एम्स ने सर्वश्रेष्ठ उभरते कॉलेजों की सूची में दूसरा स्थान हासिल किया है। वर्ष 2000 में और उसके बाद स्थापित उच्चतम स्कोरिंग कॉलेजों में एम्स भोपाल को तीसरा स्थान प्राप्त है। मेडिकल कॉलेज की श्रेणी में एम्स भोपाल 2023 में 20वें स्थान से 2024 में 16वें स्थान पर पहुंच गया है।

## शासकीय परिसरों का भाजपा कर रही निजीकरण: कांग्रेस

**भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि धर्म की आफ में भाजपा अपने पापों को छुपाने का प्रयास न करें। थाने में सुंदरकांड मामले को लेकर कांग्रेस मीडिया प्रमुख मुकेश नायक ने कहा कि पुलिस कमिश्नर को हमने साफ कहा है कि सर्विस कंडक्टर रूल व प्रशासनिक नियम प्रक्रिया के तहत किसी भी शासकीय परिसर में निजी आयोजन नहीं किया जा सकता। मगर भाजपा पूरे शासकीय परिसरों का निजीकरण कर रही है, निजी संपत्ति की तरह उसका उपयोग कर रही है। नायक ने कहा कि भाजपा किसी भी कीमत पर नर्सिंग घोटाले मामले से ध्यान भटकने की कोशिश न करे। कांग्रेस पार्टी पूरी ताकत और शक्ति के साथ आंदोलन करेगी और आंदोलन और आगे बढ़ेगा।

## जयस संस्थापक कन्नौज भाजपा में शामिल



**भोपाल।**मुख्यमंत्री. मोहन यादव एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा की उपस्थिति में जयस के संस्थापक महेंद्र कन्नौज ने समर्थकों के साथ भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कन्नौज को पार्टी में शामिल किया एवं बधाई देते हुए कहा कि उनके अनुभवों का लाभ पार्टी को मिलेगा।आदिवासियों समेत हर वर्ग की बेहतरी के लिए काम करेंगे। यादव ने कहा कि आज का दिन हम सभी के लिए विशेष दिन है।

## अकबर की वंशावली तो पढ़ाई पर राम की नहीं!

**विश्व संवाद केंद्र की नारद जयंती पर संगोष्ठी**

**भोपाल।** स्वतंत्रता मिलने के बाद देश के भीतर जो हुआ, वह अब एक–एक कर उजागर हो रहा है। देश को मिली स्वतंत्रता और उसके बाद के परिदृश्यों की जानकारी रखने वाले वक्ताओं का कहना है कि उस समय की पीढ़ी को अकबर जैसे शासक की वंशावली खूब पढ़ाई गई। यहां तक बताया गया कि वह कब आया, कहां से आया, किस तरह का शासन–प्रशासन किया, ये भी बताया गया। उसके पूर्वाधिकारी व उत्तराधिकारियों के बारे में भी जानकारी मिलती है लेकिन पुरातन संस्कृति के बारे में जो पढ़ाना चाहिए था, उससे वंचित रखा गया। यहां तक कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के बारे में नहीं पढ़ाया गया, जो कि एक साजिश का हिस्सा था।

ये बातें प्रख्यात जानकार अशोक श्रीवास्तव ने कही। वह विश्व संवाद केंद्र की ओर से आयोजित देवर्षि नारद जयंती समारोह एवं परिचर्चा में शुक्रवार को बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि यह सब योजनापूर्वक किया गया। इस प्रकार भारत की सांस्कृतिक विरासत को खत्म किया गया। हमारी लड़ाई इसी नैरेटिव के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि मास मीडिया और बॉलीवुड ने देवर्षि नारद की तस्वीर चुगलखोर की बना दी थी। संघ के मध्य क्षेत्र कार्यकारिणी सदस्य यशवंत इंदापुरकर ने कहा कि देश 1947 में स्वतंत्र हो गया, लेकिन उसे स्वाधीनता में बदलने का आंदोलन अभी भी चल रहा है। सभी मनीषियों का मानना है कि जब तक संपूर्ण समाज नहीं बदलेगा, तब तक भारत के पुनरुत्थान का स्वप्न पूरा नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि नारद के प्रति विचार को बदलने का काम हम सबने किया है।अब अधिकांश प्रतिष्ठित पत्रकारों की टेबल पर देवर्षि नारद की तस्वीर मिलती है, क्योंकि अब पत्रकारों ने अपने आद्य पुरुष को पहचान लिया है। कार्यक्रम की प्रस्तावना केंद्र के न्यासी भावेश श्रीवास्तव ने रखी। कार्यक्रम के अंत में अध्यक्ष लक्ष्मेंद्र माहेश्वरी ने आभार ज्ञापन और संचालन वरिष्ठ पत्रकार डॉ. सुदीप शुक्ल ने किया।

## चालीहा में मंदिरों में हुए अमर कथा पाठ



हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।

भगवान झूलेलालजी के चालीहा महोत्सव में ठकुर साइ मनीष लालजी ( साई भरूचवारा ) के आह्वान पर देशभर के मंदिरों में अमर कथा का सामूहिक पाठ किया जा रहा है।

पूज्य सिंधी पंचायत कार्यवाहक अध्यक्ष भरत आसवानी ने बताया है कि साइ मनीष लाल साहबजी की आज्ञा अनुसार सभी को सिंधी संस्कृति से खासकर बच्चों को सिंधी संस्कृति से अवगत कराने एवं उन्हें जोड़े रखने के लिए यह अमर कथा पाठ किया जा रहा हैञ पुराना बी वार्ड संत हिरदाराम नगर स्थित झूलेलाल ठकुर आसानलाल मंदिर में भी शाम 6.00 से 7.00 सामूहिक अमर कथा का पाठ का आयोजन किया गया है, साईंजी की आज्ञा अनुसार जो भी मंदिरों में या किसी को भी अमर कथा चाहिए तो मंदिर में संपर्क कर सकता है।

## गुरुपूर्णिमा पर अखण्ड रामायण पाठ, सत्संग

हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।

गुरुपूर्णिमा महोत्सव पर्व पर 20-21 जुलाई को राधाकृष्णा गार्डन, बाबई रोड, नर्मदापुरम में श्री शातानंद जी महाराज जी के सानिध्य में अखंड रामायण पाठ होगा। अखंड पाठ की शुरूआत 20 जुलाई को सुबह 8 बजे से होगी। 21 जुलाई को दोपहर 12 बजे महाराजजी का सत्संग होगा। दोपहर 2 बजे भण्डारे का आयोजन किया गया है। इसके बाद भजन संध्या रात्रि 8 बजे से होगी। इस अवसर पर गुरू अपने अनुयायियों के साथ पौधारोपण भी करेंगे।

## नारायण श्याम की जयंती पर 'सुर ऐं शाइरीअ जी महफिल'

हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।



सिंधी के मूर्धन्य कवि नारायण श्याम की 103 जयंती के अवसर पर भोपाल की प्रमुख साहित्यिक संस्था 'सिन्धु' द्वारा दिनांक 22 जुलाई, को ''सुर ऐं शाइरीअ जी महफ़लि'' शीर्षक से एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

'सिन्धु' के प्रमुख नारी लच्छवाणी ने बताया कि दीपमाला पगाराणी संस्कार पब्लिक स्कूल के सहयोग से आयोजित होगा। कार्यक्रम में इस बार स्थापित कलाकारों एवं कवियों के साथ नए गायक/गायिकाएं एवं कवि भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता नर्मदापुरम के हिंदी एवं सिंधी भाषा के विख्यात लेखक एवं कवि अशोक जमनानी करेंगे एवं मुख्य अतिथि इन्दौर के संजय वर्मा होंगे। कार्यक्रम संस्कार पब्लिक स्कूल, निर्मल नर्सरी, संतनगर में शाम 6.00 बजे से होगा।

**मेट्रो एंकर** | **संतनगर रेलवे सलाहकार समिति की पहली बैठक,12 मीटर चौड़ा होगा नया फुट ओवर ब्रिज**

# संतनगर स्टेशन पर लगेगी लिफ्ट और एक्सेलेटर

हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।

संत हिरदाराम नगर रेलवे सलाहकार समिति की बैठक हुई, जिसमें रेल अधिकारियों ने स्टेशन के विकास और भविष्य में यात्री सुविधाओं की जानकारी दी। समिति सदस्यों ने अपने सुझाव रखे।

स्टेशन अधीक्षक राकेश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में हुई बैठक में बताया गया कि स्टेशन के हर प्लेटफार्म पर लिफ्ट व एक्सेलेटर की सुविधा होगी। मौजूदा फुट ओवर ब्रिज की जगह 12 मीटर चौड़ा नया फुट ओवर ब्रिज का निर्माण किया जाएगा। जिसे कार पार्किंग से जोड़ा जाएगा। इन कार्यों को डेढ़ साल के अंदर पूरा करने की बात कहीं गई। बैठक में समिति के सदस्य पार्षद अशोक मारन, सुरेश जसवानी, आनंद सबधाणी के अलावा इंजीनियरिंग विभाग के अधिकारी माधव सिंह सिकरवार, विद्युत विभाग के एमएच परवेज, निरीक्षक रेलवे विनोद वर्मा मुख्य रूप से मौजूद थे।



### वैकल्पिक मार्ग बनाया जाए

बैठक में अशोक मारण एवं सुरेशजसवानी ने स्टेशन के मौजूदा मार्ग को ना काफी बताते हुए साजन सरिता दुकान के पीछे पुलिस आवास के समीप से वैकल्पिक मार्ग को विकसित करने की जरूरत बताया। तय किया गया कि रेलवे की तरफ से नगर निगम कमिश्नर को पत्र लिखा जाएगा। इसी तरह नर्मदा स्वीट हाउस से नया रास्ता बनाने एवं धोबी घाट मार्ग को भी विकसित करने का सुझाव दिया गया। रेलवे फाटक से स्टेशन तक निर्माणाधीन सड़क का काम जल्द से जल्द पूरा करने पर भी जोर दिया गया। बैठक में बताया कि धोबीघाट ऐरिया से नया फुट ओवर ब्रिज का निर्माण चालू हो गया है।

### बनेगा स्कूटर व आटो स्टैण्ड

स्टेशन अधीक्षक एवं अधिकारियों ने बताया कि स्टेशन के बाहर जहां 120 कारों के लिए बहुमंजिला पार्किंग काम्पलेक्स का निर्माण हो रहा है, वहीं धोबीघाट की तरफ मौजूदा क्वाटरों को तोड़कर दुपहिया वाहनों के लिए शेड का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा आटो स्टेण्ड के लिए भी प्रस्ताव मुख्यालय भेजा जाएगा।

**स्टेशन रोड पर बोर्ड हो:** बैठक में कहा गया कि जहां से स्टेशन रोड प्रारंभ होता है, वहां संत हिरदाराम नगर रेलवे स्टेशन का बोर्ड लगाने की जरूरत है। साबधानी ने अपनी तरफ से बोर्ड लगवाने की बात भी कही हिरदारामजी के सेवा कार्य प्रदर्शित हो।

### संतजी के सेवा कार्य प्रदर्शित किए जाएं

**बैठक में स्टेशन के हो रहे कायाकल्प के साथ ही बाहरी डिजाइन में स्वामी हिरदारामजी के सेवा कार्यो से संबंधित चित्रण करने पर जोर दिया गया ताकि यहां जो भी यात्री आएं। उन्हें स्वामीजी के सेवा कार्यो की जानकारी के साथ उनका स्मरण भी हो सके। बैठक के बाद स्टेशन परिसर में पौधारोपण भी किया गया।**

आषाढ़ शुक्ल पक्ष -14, 2081 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 30 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
20 जुलाई 2024 शनिवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम
32 अधिकतम
24 न्यूनतम



Page- 7

## जबलपुर में शुरू हुई रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव, रक्षा समेत कृषि व पर्यटन क्षेत्र में निवेश के करार

# सरकार का अब दूसरा निवेश अनुष्ठान उद्योगपतियों से सीएम की वन-टू-वन

### 5 देशों व 9 राज्यों के तीन हजार निवेशकों का जमावड़ा

**जबलपुर,दोपहर मेट्रो/एजेंसी।**

मप्र की संस्कारधानी में आज मोहन यादव सरकार 'निवेश अनुष्ठान' कर रही है। इंवेस्ट मप्र के अंतर्गत यहां रीजनल इंडस्ट्री कान्क्लेव में पांच देशों और नौ राज्यों के निवेशक जुटे हैं। सरकार को महाकोशल अंचल में निवेश के महत्वपूर्ण प्रस्ताव प्राप्त होने की उम्मीद है, इससे यहां रोजगार व आर्थिक विकास के अवसर पैदा होंगे। इस मौके पर सीएम डॉ. मोहन यादव ने दीप प्रज्वलित कर रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का उद्घाटन किया। इस दौरान उनके साथ लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, पंचायत मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, एमएसएमई मंत्री चैतन्य काश्यप भी मौजूद रहे। इससे पहले उज्जैन में भी एक समिट हो चुकी है।

सरकार का पूरा फोकस उप्र और तमिलनाडु के बाद देश के तीसरे डिफेंस कॉरिडोर जबलपुर, कटनी और इटारसी में निवेश को प्रोत्साहित करने का है। नेताजी सुभाषचंद्र बोस कन्वेंशन सेंटर में 5 देशों यूके,ताइवान,मलेशिया, फिजी और कोस्टारिका के निवेशकों समेत 9 राज्यों के 3500 से ज्यादा निवेशक शामिल हैं। इनमें अदाणी समूह की डिफेंस यूनिट के प्रमुख अशोक वाधवान, एडवांस वेपन इक्विपमेंट इंडिया लिमिटेड के राजेश चौधरी, सैन्य वाहन निगम लिमिटेड के सीएमडी संजय द्विवेदी जैसे बड़े नाम शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि अदाणी समूह ने मप्र के शिवपुरी के आसपास 10 हजार करोड़ का निवेश करने का भी वादा किया है। यहां जमीन का चयन लगभग हो गया है तथा गोला-बारूद उत्पादन से जुड़ी यूनिट की स्थापना की तैयारी है। सरकार ने भी तय किया है कि रक्षा क्षेत्र में निवेश पर पचास एकड जमीन अधिकतम रियायत पर दी जाएगी। बताया जाता है कि आज के कान्क्लेव में कृषि,खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के साथ ही पर्यटन पर आधारित उद्योग की स्थापना के प्रस्ताव शाम तक मूर्त रूप लेंगे। उद्योग विभाग के प्रमुख सचिव राघवेंद्र सिंह ने औद्योगिक गतिविधियों और नीतियों को लेकर निवेशकों के समक्ष विस्तृत प्रेजेंटेशन दिया। इसके बाद प्रमुख सचिव माइनिंग और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग निकुंज श्रीवास्तव ने भी माइनिंग और आईटी सेक्टर में निवेश की संभावनाओं को लेकर उद्योगपतियों के सामने प्रेजेंटेशन दिया।










### कॉरिडोर में भी निवेश के लिए ब्रांडिंग

दिल्ली-मुंबई इंडस्ट्रियल कॉरिडोर, अटल प्रोग्रेस-वे, ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर, वाराणसी-मुंबई इंडस्ट्रियल कॉरिडोर, नर्मदा एक्सप्रेस-वे, दिल्ली-नागपुर इंडस्ट्रियल कॉरिडोर को भी निवेशकों के सामने रखा जाएगा। इसके आसपास निवेश की काफी संभावनाएं होंगी।

### राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस कर रहे सीएम

कॉन्क्लेव को सेक्टर वाइस प्रेजेंटेशन में बांटा है। डेलिगेट्स के लिए अलग से व्यवस्था की गई है। राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस के जरिए मुख्यमंत्री बड़े निवेशकों से चर्चा करेंगे। इसमें 300 के ज्यादा गेस्ट्स को बुलाया गया है। 418 ऐसे लोग चिह्नित हैं, जिन्होंने 10 करोड़ से ज्यादा निवेश की बात कही है। आयोजन में 50 मुख्य वक्ता होंगे।

### पांच सेशन, अलग-अलग सेक्टर

इस पूरे आयोजन को पांच सेशन में बांटा गया है। इसमें पहला सेशन- माइनिंग-मिनरल, दूसरा- एग्रीकल्चर-फूड प्रोसेसिंग, तीसरा- डिफेंस, चौथा- टेक्सटाइल गारमेंट और पांचवां- पर्यटन सेशन होगा। राउंड टेबल मीटिंग में डिफेंस एग्रीकल्चर, डेयरी, फूड प्रोसेसिंग टैक्स्टाइल एंड गारमेंट्स जबलपुर इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के साथ राउंड टेबल बैठकें भी होंगी।

---

#### माइक्रोसाफ्ट की तकनीकी खामी

## कायम है 'ब्लू स्क्रीन ऑफ डेथ' हालात सामान्य होने में समय

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

माइक्रोसाफ्ट के क्राउडस्ट्राइक के एक गलत अपडेट की वजह से पूरी दुनिया में मचे हडकंप के बाद आज भी हालात सामान्य नहीं हो सके हैं। इस तकनीकी दिक्कत की वजह से भारत समेत दुनिया के कई देशों में हवाई सेवा बुरी तरह प्रभावित हो गई थीं। सैकड़ों फ्लाइट कैंसिल करनी पड़ी. इतना ही नहीं बैंक, हॉस्पिटल, शेयर बाजार, टीवी चैनल, कॉल सेंटर तक भी ठप रहे थे। सिविल एविएशन एक्सपर्ट साइबर टेरर की आशंका भी जता रहे हैं हालांकि, माइक्रोसॉफ्ट की ओर से ऐसी संभावना से इनकार किया जा रहा है। माइक्रोसॉफ्ट की टीम के साथ पूरी दुनिया के सर्वश्रेष्ठ इंजीनियर इस तकनीकी समस्या का समाधान तलाशने के लिए जुटे हैं.लेकिन फिलहाल ऐसा लग रहा है कि, पूरी तरह से सेवाओं को दुरुस्त होने में अभी और समय लगेगा।

इस बीच माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्य नडेला ने पोस्ट करते हुए कहा, ' कल क्राउडस्ट्राइक ने एक अपडेट जारी किया जिसने वैश्विक स्तर पर आईटी सिस्टम को प्रभावित करना शुरू कर दिया। हम इस मुद्दे से वाकिफ हैं और ग्राहकों को उनके सिस्टम को सुरक्षित रूप से ऑनलाइन वापस लाने के लिए तकनीकी मार्गदर्शन और सहायता प्रदान करने के लिए क्राउडस्ट्राइक और पूरी इंडस्ट्री के साथ मिलकर काम कर रहे हैं।




## भोपाल समेत 21 जिलों में तेज बारिश का अलर्ट

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

इस वक्त मप्र के दो दर्जन जिलों में बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव हो गया है। इस वजह से लगभग आधा प्रदेश भीगने लगा है। आज से सिस्टम की और स्ट्रॉन्ग एक्टिविटी शुरू हो रही है। इससे भोपाल, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर समेत 21 जिलों में तेज बारिश होने का अनुमान है। सीहोर, नर्मदापुरम, बैतूल, खंडवा, खरगोन, पांढुर्णा, सिवनी, बालाघाट में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।बताया जाता है कि लो प्रेशर एरिया बंगाल की खाड़ी पर एक्टिव हुआ है। अगले 24 घंटे में यह आगे बढ़ेगा। यह ओडिशा, छत्तीसगढ़ को पार करके आगे बढ़ेगा। साइक्लोनिक सर्कुलेशन भी एक्टिव है, जबकि मानसून ट्रफ लाइन जैसलमेर, कोटा, गुना, सागर, रायपुरी, पुरी होते हुए दक्षिण-पूर्व की ओर और पश्चिमी-मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर सक्रिय है। इन्हीं वजह से पूरे प्रदेश में तेज बारिश का दौर चलेगा।



### कई राज्य बेहाल

गुजरात के पोरबंदर में 36 घंटे में 565 मिमी बारिश से कई निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति है। आज भी भारी बारिश की चेतावनी है। उत्तर प्रदेश के बहराइच में घाघरा नदी का जलस्तर बढ़ने से खेतों में काम कर रहे करीब 100 लोग फंस गए, उन्होंने बमुश्किल निकाला गया। गंगा का जलस्तर बढ़ने के कारण वाराणसी के घाटों पर एनडीआरएफ तैनात किया गया है।

### जेल में जानबूझकर कम डाइट ले रहे केजरीवाल

**नई दिल्ली एजेंसी।** तिहाड़ जेल में बंद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के स्वास्थ्य को लेकर दिल्ली एलजी के प्रधान सचिव ने चौंकाने वाला दावा किया है। उन्होंने दिल्ली के मुख्य सचिव को बताया है कि मुख्यमंत्री जेल में तय डाइट चार्ट का पालन नहीं कर रहे हैं। पत्र में उन्होंने कहा है कि केजरीवाल जानबूझकर कम खाना खा रहे हैं और कम कैलोरी ले रहे हैं। उन्होंने 6 जून से 13 जुलाई तक जेल में तय डाइट नहीं ली। इसी वजह से उनका वजन कम हो रहा है। बताया जाता है कि दिल्ली राजनिवास ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की स्वास्थ्य स्थिति के बारे में मुख्य सचिव नरेश कुमार को पत्र लिखा है।



### यूपीएससी चेयरमैन ने इस्तीफा दिया,लंबा कार्यकाल है बाकी

**नई दिल्ली एजेंसी।** यूपीएससी के अध्यक्ष मनोज सोनी ने अपना कार्यकाल समाप्त होने के पांच साल पहले ही इस्तीफा दे दिया है। उनका कार्यकाल 2029 में खत्म होना था। उन्होंने 'व्यक्तिगत कारणों' से इस्तीफा दिया है और इसका फर्जी प्रमाणपत्र जमा करने के आरोपों के मामले से कोई संबंध नहीं है। सोनी ने 2017 से यूपीएससी सदस्य के रूप में कार्य करने के बाद 16 मई, 2023 को ही अध्यक्ष का पदभार संभाला था, जिसका कार्यकाल छह साल का होता है। कहा जा रहा है कि उन्होंने लगभग एक महीने पहले राष्ट्रपति को अपना इस्तीफा सौंपा था।



### आधी रात के बाद ईडी ने कांग्रेस विधायक को गिरफ्तार किया

**पानीपत एजेंसी।** ईडी यानि प्रवर्तन निदेशालय ने बड़ा एक्शन लेते हुए कांग्रेस विधायक सुरेंद्र पंवार को गिरफ्तार कर लिया। ईडी के अधिकारियों ने इस कार्रवाई को रात 2.30 बजे अंजाम दिया। अब सुरेंद्र पंवार को अंबाला लाया जा रहा है। ईडी की टीम सुरेंद्र पंवार के खिलाफ अवैध खनन के एक मामले में जांच कर रही है। पिछले दिनों उनके ठिकानों पर छापा मारा गया था। मामला यमुनानगर क्षेत्र में सिंडिकेट द्वारा लगभग 400-500 करोड़ रुपये के अवैध खनन से संबंधित है। पुलिस ने अवैध खनन के संबंध में पवार और अन्य के खिलाफ कई एफआईआर दर्ज की थी जिसके बाद पिछले साल साल ईडी ने जांच अपने हाथ में ली थी।



---

**मेट्रो एंकर**

#### अनुशासन को लेकर सतर्क, वकील की लगाई क्लास...

## सीजेआई भड़के..क्या कोर्ट में फैशन परेड चल रही है..

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ कोर्ट में डिसीप्लीन को लेकर बहुत सतर्क रहते हैं। सुनवाई के दौरान किसी भी तरह की लापरवाही या अनुशासनहीनता उन्हें कतई पसंद नहीं है और अगर कोई ऐसा करता है तो उसको सीजेआई के गुस्से का भी सामना करना पड़ता है सुप्रीम कोर्ट में कुछ ऐसा ही हुआ, जिसकी वजह से सीजेआई चंद्रचूड़ भड़क गए और वकील की भरी अदालत में क्लास लगा दी। लाइव लॉ की रिपोर्ट के अनुसार कोर्ट में सुनवाई के दौरान वकील ने गले में नेकबैंड नहीं पहना था, जिस पर जस्टिस चंद्रचूड़ देखकर गुस्सा हो गए। उन्होंने सुनवाई रोक दी और कहा कि जब तक वकील अपनी पूरी ड्रेस में नहीं आते वह आगे की सुनवाई नहीं करेंगे। सीजेआई चंद्रचूड़ ने वकील से पूछा, 'क्या यहां कोई फैशन परेड हो रही है? हम तब तक सुनवाई नहीं करेंगे जब तक कि आप सही तरह से अपनी ड्रेस में नहीं आते हैं। बैंड वकीलों की ड्रेस में बेहद अहम है और वकील सुनवाई के दौरान उसे गले में पहनते हैं।

पिछले साल भी ऐसा ही एक मामला सामने आया था जब बैंड के बगैर सुनवाई में पहुंचे वकील पर सीजेआई चंद्रचूड़ का गुस्सा फूट पड़ा था। सीजेआई ने उनसे पूछा था कि क्या वह व्यक्तिगत रूप से पक्षकार के तौर पर पेश रहे हैं। वकील ने सीजेआई के सवाल पर नहीं कहा तो जस्टिस चंद्रचूड़ ने उनसे पूछा कि क्या आप बहुत जल्दी में थे जो अपना बैंड पहनना भूल गए। सीजेआई चंद्रचूड़ ने सुनवाई बीच में रोकते हुए वकील से कहा कि जाइए पहले बैंड पहनकर आइए. इसके बाद वकील बैंड पहनकर कोर्ट में पहुंचे और अपनी गलती के लिए उन्होंने सीजेआई चंद्रचूड़ से माफी मांगी। इस पर सीजेआई ने मुस्कुराते हुए उनसे कहा कि कोई बात नहीं कभी-कभी ऐसा हो जाता है।



### जेल में जातिः 10 राज्यों से मांगा जवाब, 5 ने ही दिया

इधर सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, बिहार, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु समेत 10 राज्यों से जेल के अंदर जातिगत भेदभाव और जेलों में क़ैदियों को जाति के आधार पर काम दिए जाने को लेकर जवाब मांगा है। हालात ये है कि जनवरी में इस मामले की सुनवाई के छह महीने बीतने के बाद भी केवल उत्तर प्रदेश, झारखंड, ओडिशा, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल ने ही अपना जवाब कोर्ट में दाखिल किया। यह पूरा मामला पत्रकार सुकन्या शांता के प्रयासों की वजह से सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा। इस मामले में चीफ़ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ सुनवाई कर रही है।

### जैसे तेंदुलकर बिन बैट

**गौरतलब है कि एक बार जस्टिस चंद्रचूड़ दो साल पहले भी एक वकील पर बैंड नहीं पहनने की वजह से नाराज हुए थे तब उन्होंने कहा था कि बिना बैंड के वकील वैसे ही लगते हैं जैसे मैदान पर तेंदुलकर बिना बैटके लगते हैं इस पर जब वकील ने कोर्टमें ही बैंड पहनने की कोशिश की तो जस्टिस चंद्रचूड़ और नाराज हो गए थे और कहा था कि अब कोर्ट मैं ही तैयार मत होइए क्योंकि यह और बुरा लगता है।**

## संपादकीय

# नया चुनाव नया रंग

महाराष्ट्र में चुनाव के कुछ महीने पहले राजनीतिक परिस्थितियां जिस तेजी से करवटें बदल रही हैं, वह चुनाव के बेहद रोचक होने का संकेत हैं। अब तक महाराष्ट्र में कांग्रेस भाजपा और शिवसेना के साथ राकांपा मुकाबले में रहती थी मगर इस बार अजित पवार की पार्टी भी है तो एकनाथ शिंदें की पार्टी भी मैदान में रहेगी। अजित पवार की अगुआई वाली एनसीपी से चार नेताओं के इस्तीफे के बाद कई पार्षदों के भी पलायन को यदि पार्टी के लिए बड़ा झटका कहा जा रहा है तो यह बेवजह नहीं है। हालांकि पहली नजर में यह प्रदेश के एक खास क्षेत्र पिंपरी चिंचवड़ से जुड़े नेताओं का असंतोष लगता है और इसके पीछे असेंबली चुनाव में टिकट पाने की चाह को मुख्य मुद्दा बताया जा रहा है, लेकिन फिर भी मौजूदा हालात में इसकी अहमियत से इनकार नहीं किया जा सकता। नेताओं का इस्तीफा ऐसे समय आया है, जब पहले से ही प्रदेश के राजनीतिक हलकों में ऐसी चर्चा चल रही है कि अजित पवार की अगुआई वाले धड़े से कई नेता शरद पवार के नेतृत्व वाली पार्टी में शामिल हो सकते हैं। हाल में इसी पार्टी के एक प्रमुख नेता छगन भुजबल ने शरद पवार से मुलाकात करके सबको चौंका दिया था। हालांकि बाद में भुजबल ने इसे ओबीसी आरक्षण के मसले पर की गई मुलाकात बताया और कहा कि उसका कोई और मतलब न निकाला जाए। मगर 2023 में शरद पवार की अगुआई वाली एनसीपी से अलग होकर अजित पवार धड़ा प्रदेश की महायुति सरकार में शामिल हो गया था। उसके बाद दोनों पक्षों की ओर से कार्यकर्ताओं और मतदाताओं के समर्थन का दावा किया जा रहा था। लेकिन लोकसभा चुनाव में शरद पवार को 8 सीटें मिलीं जबकि अजित पवार को मात्र एक सीट। इसके बाद कुछ महीने बाद होने वाले विधानसभा चुनावों में अजित पवार धड़े के संभावित प्रदर्शन को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। दिलचस्प है कि राज्य की महायुति के तीनों धड़ों- भाजपा, शिवसेना (शिंदे) और एनसीपी (अजित पवार)- में सबसे कमजोर कड़ी पवार की पार्टी को ही माना जाता है। मामला सिर्फ लोकसभा में जीती सीटों का नहीं है। बल्कि शिवसेना और भाजपा के साथ को आज भी सहज बताया जाता है, लेकिन एनसीपी को मिसफिट कहा जाता है। संघ के हलकों में भी कहा जाता है कि एनसीपी से हाथ मिलाने से कार्यकर्ताओं में भ्रम फैला है। पिंपरी चिंचवड़ में हुए इस्तीफों के पीछे जिस असेंबली सीट के टिकट को विवाद की जड़ बताया जा रहा है, वह सीट भाजपा के हिस्से की है। जाहिर है, अजित पवार चाहकर भी अपने करीबी नेता की मांग पूरी नहीं कर सकते थे। हालांकि ऐसी मजबूरियां सिर्फ एनसीपी या अजित पवार के हिस्से में नहीं हैं। एकनाथ शिंदे और उनकी शिवसेना के सामने भी किसी न किसी रूप में ये चुनौतियां आएंगी। विपक्षी खेमा भी इनसे पूरी तरह अछूता रह पाएगा, ऐसा लगता नहीं है। तीन के बदले पांच पार्टियों का वजूद आगामी विधानसभा चुनावों को अतीत के तमाम चुनावों से अलग व चटख रंग दे रहा है। इसीलिये चुनाव बेहद दिलचस्प माना जाने लगा है। यहां लोकसभा चुनाव में प्रदर्शन के बूते पर कांग्रेस ने अपनी मजबूती का दम दिखाया है तो भाजपा भी कम जोर नहीं लगाने वाली है। खास बात यह है कि जब चुनाव नजदीक आयेगा और दोनों गठबंधनों में सीटों पर उम्मीदवारी को लेकर सीटों के बंटवारे की नौबत आएगी तब भी कई नये रंग उभर सकते हैं।

# राहुल गांधी का हिन्दू धर्म बनाम आरएसएस का हिंदुत्व

■ राम पुनियानी





लोकसभा के हालिया चुनावों के परिणामों ने संसद को बहस और चर्चा का सार्थक मंच बना दिया है. वहां अब प्रतिपक्ष की आवाज भी सुनाई देती है। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद ज्ञापन पर हुई चर्चा के दौरान विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने अपने भाषण में देश के समक्ष प्रस्तुत विभिन्न चुनौतियों और समस्याओं पर चर्चा की। उनके भाषण के एक हिस्से में उन्होंने हिन्दू धर्म की प्रकृति और चरित्र पर भी बात की। उनके भाषण का यह हिस्सा शायद सदन की कार्यवाही से विलोपित कर दिया गया है। राहुल गांधी ने कहा कि हिन्दू धर्म सत्य और अहिंसा पर आधारित है। भारत, अहिंसा का देश है, भय का नहीं। हमारे सभी महापुरुषों ने अहिंसा का आचरण करने और भय पर विजय प्राप्त करने की बात कही है। फिर, भाजपा सदस्यों की ओर इशारा करने हुए उन्होंने कहा, जो लोग स्वयं को हिन्दू कहते हैं, वे दिन-रात हिंसा और नफरत की बात करते हैं और असत्य बोलते हैं। उसके बाद से राहुल के कथन के खिलाफ साधुओं ने कई विरोध प्रदर्शन किए और अहमदाबाद में कांग्रेस के कार्यालय पर हमला हुआ। संघ परिवार यह झूठ फैला रहा है कि राहुल ने सभी हिन्दुओं को हिंसक कहा है। राहुल ने इसके उलट यह सा? किया है कि उनकी दृष्टि में हिन्दू धर्म सत्य, अहिंसा और प्रेम पर आधारित है। संघ के नेता कह रहे हैं कि नेहरु से लेकर राहुल गाँधी तक सभी की विचारधारा का मीनी यथार्थ से कोई लेनादेना नहीं रहा है। उनके अनुसार, नेहरु-गाँधी परिवार के सभी नेता केवल अपना वोट बैंक बचाने की जुगत में अल्पसंख्यकों से जुड़े मसले उठाते रहे हैं।

इंडिया गठबंधन के कई नेताओं ने हिन्दू धर्म को मानवतावाद से जोड़ने के राहुल गाँधी के प्रयास का समर्थन किया है। कई सालों से देश में हिन्दू धर्म और हिंदुत्व ये दोनों शब्द इस्तेमाल किये जा रहे हैं। उद्धव ठाकरे ने कहा कि राहुल गाँधी का हिन्दू धर्म ही उनका हिंदुत्व है। आरएसएस ने कर्ताधर्ता नेहरु की इसलिए भी आलोचना करते हैं क्योंकि उनके द्वारा शुरू किये गए साम्प्रदायिकता विरोधी अभियान के निशाने पर आरएसएस था। वे नेहरु के इसलिए भी खिलाफ हैं क्योंकि उन्होंने राष्ट्र पति राजेन्द्र प्रसाद के हाथों सोमनाथ मंदिर के उद्घाटन का विरोध किया है। संघ कहता है कि उसका हिंदुत्व, दयानंद सरस्वती, स्वामी विवेकानंद, बंकिमचन्द्र चट्टोपाध्याय एवं श्यामाप्रसाद मुड़र्जी के विचारों पर आधारित है। सच यह है कि संघ की विचारधारा का दयानंद सरस्वती और स्वामी विवेकानंद के विचारों से कोई लेनादेना नहीं हैं। संघ केवल उन दोनों के नामों का इस्तेमाल लर अपनी विचारधारा को स्वीकार्य बनाने की कोशिश कर रहा है। हिन्दू धर्म किसी पैगम्बर पर आधारित नहीं है और इसलिए उसकी अलग-अलग ढंग से व्याख्याएं की जाती रही हैं। हिन्दू धर्म के पवित्र ग्रंथों में 'हिन्दू' नहीं है। वेदों, उपनिषदों, गीता और मनुस्मृति में कहीं भी यह शब्द नहीं है। इस शब्द का इस्तेमाल सिन्धु नदी के पश्चिम में रहने वाले इस विशाल नदी के पूर्व में रहने वालों के लिए प्रयुक्त करते थे। चूँकि वे 'स' का उच्चारण 'ह' करते थे इसलिए सिन्धु शब्द हिन्दू बन गया। अतः हिन्दू शब्द का मूल अर्थ था सिन्धु नदी से लेकर समुद्र तक की भूमि पर रहने वाले सभी लोग। इस विशाल भूभाग में मुख्यतः वैदिक धर्म (जिसे हम ब्राह्मणवाद भी कह सकते हैं), आजीवक, तंत्र, नाथ, शैव, बौद्ध व जैन परम्पराएं प्रचलित थीं। बाद में जैन व बौद्ध धर्मों को छोड़कर, इन सभी परम्पराओं का मिश्रण हिन्दू धर्म कहलाने लगा। ब्राह्मणवाद के अलावा अन्य सभी परंपराएं 'श्रमण' कहलाती थीं। ब्राह्मणवाद और श्रमणवाद में मुख्य अंतर यही था कि ब्राह्मणवाद में जाति प्रथा थी जबकि श्रमणवाद में नहीं थी। हिन्दू धर्म शब्द के उदय के बारे में इतिहासविद डी।एन। झा ने भारतीय इतिहास कांग्रेस, 2006, में अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा था कि, ÷यह बिलकुल सही है कि यह शब्द (हिन्दू), पूर्व-औपनिवेशिक भारत में प्रचलित था। मगर ब्रिटिश अध्येताओं ने 18वीं सदी के अंत या 19वीं सदी की शुरुआत में इस शब्द का उपयोग करना शुरू किया और धीरे-धीरे यह व्यापक रूप से प्रयुक्त होने लगा। हिन्दू शब्द भारतीय उपमहाद्वीप के उन सभी रहवासियों के लिए प्रयुक्त किया जाता था जो मुसलमान, ईसाई, सिख या जैन नहीं थे।

चूँकि हिन्दू धर्म के कोई निश्चित ग्रन्थ और सिद्धांत नहीं थे इसलिए ब्राह्मणवादियों ने वेदों और मनुस्मृति को पवित्र ग्रन्थ घोषित कर दिया। हिन्दू धर्म की समझ में भी अंतर हैं। अम्बेडकर के दृष्टि में ब्राह्मणवाद और जाति प्रथा ने हिन्दू धर्म को जकड़ रखा है। यही कारण है कि उन्होंने मनुस्मृति का दहन किया। दूसरी ओर महात्मा गांधी स्वयं को सनातनी हिन्दू कहते थे। उन्होंने %यंग इंडिया% के 6 अक्टूबर 1921 के अंक में लिखा, ÷हिन्दू धर्म सभी से कहता है कि वे अपनी-अपनी आस्था और धर्म के आधार पर ईश्वर की आराधना करें और इस प्रकार वह अन्य धर्मों के साथ शांतिपूर्ण सहअस्तित्व बनाये रख पाया है।÷ यही तो बहुवाद है। यही तो अंतर्धार्मिक रिश्तों की बुनियाद होनी चाहिए। और अब राहुल गाँधी ने कहा है कि सत्य, प्रेम और अहिंसा हिन्दू धर्म का मूल आधार हैं। हिंदुत्व शब्द को 1892 में चंद्रकांत बसु ने गड़ा था और इसे आध्यात्मिक ऊंचाईयां अर्जित करने के आदर्शवादी लक्ष्य से जोड़ा था। राजनीति के सन्दर्भ में हिंदुत्व शब्द के इस्तेमाल की शुरुआत सावरकर ने अपनी पुस्तक %एस्सेनशियल्स ऑड़ हिंदूइस्म÷ (1923) में इसे परिभाषित कर की थी। सावरकर का हिंदुत्व आर्य नस्ल, सिन्धु से समुद्र तक की पवित्र भूमि एवं ब्राह्मणवादी संस्कृति तक सीमित है। सावरकर, बौद्ध धर्म के अहिंसा के सिद्धांत के कड़े आलोचक थे और मानते थे कि बुद्ध द्वारा अहिंसा का प्रचार करने से ही भारत कमड़ोर बना। यह कहना इतिहास की गलत समझ पर आधारित है। उस समय आधुनिक अर्थ में भारत जैसा कोई राष्ट्र नहीं था। और अगर हम राजाओं के साम्राज्यों को राष्ट्र मानें तो हमें यह याद रखना चाहिए कि सम्राट अशोक, जिन्होंने बौद्ध धर्म अपना लिया था, का साम्राज्य प्राचीन भारत का सबसे बड़ा साम्राज्य था। सावरकर के अनुसार हिन्दू केवल वही है जिसकी पितृभूमि और पवित्रभूमि दोनों भारत में हैं। सावरकर से सीख लेकर आरएसएस इस्लाम और ईसाईयत को विदेशी धर्म मानता है और प्राचीन धर्मग्रंथों (मनुस्मृति आदि) का अनुमोदन करते हैं। संघ ने हिंसा को अपनी विचारधारा का हिस्सा बना लिया है और नागपुर स्थित उसके मुख्यालय में तरह-तरह के हथियारों का संकलन हैं, जिनकी दशहरा के दिन पूजा की जाती है। आरएसएस की शाखाओं में मुस्लिम शासकों जैसे बाबर और औरंगजेब का दानवीकरण कर और हिन्दू राजाओं जैसे राणाप्रताप, शिवाजी और पृथ्वीराज चौहान का महिमामंडन कर नफरत फैलाई जाती है। आरएसएस राष्ट्रीय स्वाधीनता आन्दोलन को भी पसंद नहीं करता क्योंकि उसमें सभी धर्मों के लोगों ने भाग लिया था।

संघ का दावा है कि वह हिन्दुओं का प्रतिनिधि है और वह मंदिरों के विध्वंस, बीफ और जबरिया धर्मपरिवर्तन जैसे भावनात्मक मसले उठाता रहता है। संघ नफरत फैलता है, यह बात सरदार वल्लभभाई पटेल ने 1948 में संघ पर प्रतिबन्ध लगाने के बाद कही थी। उन्होंने कहा था, उनके सभी भाषण, सांप्रदायिक जहर से भरे रहते थे जिसके अंतिम नतीजे में देश को गांधीजी के बेशकीमती जीवन के बलिदान की पीड़ा से गुजरना पड़ा। जहां महात्मा गाँधी और राहुल गाँधी जैसे नेता हिन्दू धर्म के मानवीय पक्ष पर जोर देते हैं वही सावरकर से प्रेरित आरएसएस नफरत और हिंसा की राह पर चलते रहे हैं। अम्बेडकर ने भी हिन्दू धर्म पर ब्राह्मणवादियों के वर्चस्व की खिलाफत की थी। राहुल गाँधी, हिन्दू धर्म को समावेशी और अहिंसक चरित्र देने का प्रयास कर रहे हैं।

**अंग्रेजी से रूपांतरण अमरीश हरदेनिया ,लेखक नेशनल कम्यूनल हार्मोनी एवार्ड से सम्मानित हैं यह उनके विचार हैं**

# जहरीले कारोबार के खात्मे को राज्य आगे आएं

■ मधुरेन्द्र सिन्हा



पिछले कई वर्षों से नशे के कारोबार के खात्मे के लिये तमाम तरह के प्रयास हो रहे हैं। लेकिन अब इसमें तेजी लाकर सरकार कई नए कदम भी उठा रही है। रणनीतिकारों की चिंता है कि कहीं भारत भी दक्षिणी अमेरिका के देशों की तरह नशे के कारोबार में न फंस जाये। उन देशों में युवा वर्ग इस खतरनाक कारोबार में बड़े पैमाने पर फंस गया है और अपने जीवन का नाश कर रहा है। ड्रग्स के धंधे पर कब्जा करने के लिए उन देशों में बड़ी हिंसा हो रही है और निर्दोष लोगों की जानें जा रही हैं। उनकी अर्थव्यवस्थाएं चौपट हो गई हैं और भविष्य अंधकारमय है। इन्ही चिंताओं के बीच इस कारोबार के खात्मे के लिए लक्ष्य भी रखा है कि 2047 तक देश में नशे के कारोबार को पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया जाये ताकि देश नशे के कुचक्र से मुक्त हो जाये। गृह मंत्रालय की एंटी नॉरकोटिक्स टास्क फोर्स द्वारा लगातार ड्रग्स को जब्त कर उसे नष्ट किया जा रहा है। इसकी सफलता का अंदाजा इन आंकड़ों से लगाया जा सकता है कि 2014 से 2023 तक 12,000 करोड़ रुपये के बराबर 10 लाख 18 हजार किलोग्राम से भी ज्यादा ड्रग जब्त कर नष्ट कर दिए गये। इसके विपरीत 2006 से 2013 में कुल जब्ती डेढ़ लाख किलो की हुई थी जिसकी कुल कीमत 768 करोड़ रुपये थी।

दरअसल, इसके लिए उन देशों का अध्ययन किया गया जहां नशे के कारोबार ने न केवल जीवन को त्रासद बना दिया बल्कि अर्थव्यवस्थाओं को पैरालाइज कर दिया। ये देश गरीबी के गर्त में जा रहे हैं। इनसे सीख लेकर ही भारत में नशे के कारोबार के खात्मे के लिए कड़े कदम उठाये जा रहे हैं। इसके लिए इसकी तस्करी पर रोक लगाई जा रही है। जिन देशों से ड्रग की स्मगलिंग भारत में होती है, उन पर खास ध्यान दिया जा रहा है। इनमें गोल्डन ट्रिएंगल और गोल्डन क्रीसेंट के देश मसलन उत्तर में अफगानिस्तान, पूर्व में म्यांमार हैं। गृहमंत्रालय का मानना है कि भले ही दुनिया के लिए ये गोल्डन क्रीसेंट और गोल्डन ट्रिएंगल हैं लेकिन हमारे लिए और युवाओं के लिए ये डेथ ट्रिएंगल और डेश क्रीसेंट हैं। इन देशों से होने वाले ड्रग के कारोबार को रोकने के लिए दुनिया अपना नजरिया बदले। दरअसल, नशीले पदार्थों की तस्करी को जड़ से मिटाने के लिए जीरों टॉलरेंस की नीति अपनाई जा रही है, जिसके लिए त्रिसूत्रीय रणनीति तैयार की गई है। इसमें पहला है संस्थागत ढांचे को सुदृढ़ बनाकर जवाबदेही सुनिश्चित करना। दूसरा है नार्को संस्थाओं के साथ समन्वय पर जोर देना। तीसरा है जागरूकता अभियानों के माध्यम से देशव्यापी प्रयास करना। इसके अलावा देश के तमाम राज्यों में लगातार एंटी नॉरकोटिक्स टास्क फोर्स का गठन भी किया जा रहा है। इसके लिए सभी राज्यों से राजनीतिक मतभेदों को एकतरफ रख मादक पदार्थ के खिलाफ एकजुट होकर लड़ने की अपील भी की गई है ताकि नशीले पदार्थ का कारोबार करने वालों के खिलाफ कठोर रुख अपनाया जा सके। निस्संदेह, देश अभी उस मोड़ पर है जब देश में नशे के खिलाफ लड़ाई को लड़कर जीता जा सकता है। जो लोग ड्रग्स का सेवन करते हैं, वे पीड़ति हैं और जो उन्हें बेचते हैं वो अपराधी हैं। इसलिए ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।पिछले कुछ वर्षों में ड्रग तस्करी के खिलाफ कई कदम उठाए गए हैं जिसके काफी अच्छे परिणाम मिले हैं। राष्ट्रीय नॉरकोटिक कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) और एएनटीएफ देश की दूसरी एजेंसियों के साथ समन्वय कायम कर युद्ध स्तर पर कई काम कर रही हैं। अंतर्राष्ट्रीय नेटवर्क पर चोट करने के लिए एनआईए, प्रवर्तन निदेशालय, जांच के लिए सीबीआई, समुद्र से तस्करी रोकने के लिए कोस्ट गार्ड और नौसेना से संयुक्त समन्वय समिति के जरिये काम किया जा रहा है। इन बहुआयामी प्रयासों के कारण जब्त किए गए नशीले पदार्थों की मात्रा में लगभग 160 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और इसका कारोबार करने वालों के खिलाफ दर्ज मामलों में 152 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक 2006 से 2013 की अवधि के दौरान दर्ज मामलों की संख्या 1257 थी, जो 2014 से 2023 के दौरान 3 गुना बढ़कर लगभग 3755 हो गई है। वर्ष 2006 से 2013 में 1363 गिरफ्तारियां हुई थी जो कि 2014 से 2023 की अवधि के दौरान 4 गुना बढ़कर करीब 5745 हो गई।

ड्रग्स के समूचे इकोसिस्टम को खत्म करने के लिए समुद्री मार्ग पर भारतीय तटरक्षक बल को नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्स्टेंस एक्ट के तहत समुद्र में नशीले पदार्थों को जब्त करने की शक्ति प्रदान की गई है। ड्रग्स के स्रोत और बाजार, दोनों पर प्रहार करते हुए इसके पूरे नेटवर्क को जड़ सहित उखाड़ फेंकने का संकल्प है। ऐसे में राज्य सरकारों का भी फर्ज बनता है कि वह नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ कड़े कदम उठायें और जनता में जागरूकता लायें।

**– साभार**

प्रकृति ने कभी उस दिल को धोखा नहीं दिया जो उससे प्यार करता है।

– विलियम वर्ड्सवर्थ

## निशाना

### नहीं वो पैसा आया !



आकर हमने लालच में भी ।
था खाता खुलवाया ।।
इंतज़ार है अब तक ।
नहीं वो पैसा आया ।।
अलग-अलग नया नया ।
आता रोज बयान ।।
कुछ वर्षों से फिर भी ।
ना मिला सम्मान ।।
दे रहे हैं लालच ।
हमको भी बुलाओ ।।
मनमाफिक जल्द से ।
अब तो वो फल पाओ ।।
ज़ोर लगाया पूरा ।
हो जाए उद्धार ।।
गर्त में हम हैं गिरे ।
इस पर करें विचार ।।

- कृष्णेन्द्र राय

## आज का इतिहास

- 1808 जोसेफ बोनापार्ट ने बेओन क़ानून को मंजूरी दे दी, एक शाही चार्टर जिसे प्रायद्वीपीय युद्ध के दौरान स्पेन के राजा के रूप में उनके शासन के लिए आधार बनाया गया था।
- 1809 फिनिश युद्ध में स्वीडिश द्वीपसमूह फ्लीट ने रूसियों को पोर्कला के नौसैनिक युद्ध में पराजित किया।
- 1833 रूस और तुर्की ने रक्षा संधि पर हस्ताक्षर किये।
- 1859 चार्ल्स ड्ड्ड को स्वीडन और नॉर्वे के सिंहासन के लिए राजा के रूप में स्वीकार किया गया था। उनका शासनकाल उनकी मृत्यु 1872 तक समाप्त हो गया। वास्तव में वह स्वीडन के 9 वें राजा थे, लेकिन उन्होंने स्वीडन के काल्पनिक इतिहास के अनुसार अंकों को अपनाया।
- 1889 वॉल स्ट्रीट जर्नल पहली बार प्रकाशित हुआ था। यह एक अंतरराष्ट्रीय दैनिक समाचार पत्र है जो अंग्रेजी भाषा में छपा है। मुख्यालय न्यूयॉर्क में स्थित है। यह एक यूएसए आधारित समाचार पत्र है और दुनिया में सबसे प्रसिद्ध में से एक है।
- 1889 द वॉल स्ट्रीट जर्नल, दैनिक समाचार पत्र, का पहला अंक प्रकाशित हुआ था।
- 1895 देलगोआ बे रेलवे दक्षिण अफ्रीका में खोला गया।
- 1898 अमेरिकी चोर कलाकार और गैंगस्टर सोप स्मिथ, अलास्का के इंस्कवे में मारे गए, जब साथी गिरोह के सदस्यों के साथ एक तर्क अप्रत्याशित बंदूक की लड़ाई में बदल गया।
- 1932 अमेरिकी शेयर सूचकांक डाऊ जोंस ग्रेट डिप्रेशन के निचले स्तर 41 अंक पर पहुंच गया था।
- 1937 सादाबाद की संधि पर ईरान, इराक, तुर्की और अफगानिस्तान ने हस्ताक्षर किए थे। यह एक गैर-आक्रामकता संधि थी। यह 5 साल तक चला। संधि लीग ऑफ नेशंस में दर्ज की गई थी।
- 1937 तुर्की, ईरान, इराक और अफगानिस्तान ने सौदाबाद की संधि पर हस्ताक्षर किए।
- 1955 बुरखा विश्वविद्यालय थाईलैंड के चोनबरी प्रांत में स्थापित किया गया।
- 1992 थॉमस क्लेस्टिल आस्ट्रिया के राष्ट्रपति बने।

# परिक्रमावासियों के ठहरने-भंडारे के लिए बना मेकलसुता आश्रम



पुनीत मालवीय, इटारसी।

साल भर देश-विदेश से नर्मदा परिक्रमा के लिए निकलने वाले श्रद्धालुओं के ठहरने ओर भोजन प्रसादी की सुविधा के लिए ग्राम भीलाखेड़ी में मेकलसुता आश्रम का निर्माण किया गया है। इस आश्रम स्थल निर्माण के लिए गांव के भुजबल सिंह सोलंकी एवं जगदीश चौधरी ने अपनी जगह दान में दी है, इसके बाद ग्रामीणों के सहयोग से इस आश्रम का निर्माण कराया गया। इस आश्रम के निर्माण की पहल करने वाले सुरेन्द्र सिंह सोलंकी ने बताया कि वे नर्मदा परिक्रमा पर गए थे, परिक्रमा के दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं को होने वाली समस्याएं जानी, इसके बाद उन्होंने निर्णय लिया कि गांव में जनसहयोग से वे आश्रम का निर्माण कराएंगे। सोलंकी एवं चौधरी परिवार ने 80म100 की जगह दान में दी। परिसर में एक हाल, प्रसाधन स्थल, किचन, संत निवास के अलावा भगवान शिव मंदिर ओर राम दरबार की स्थापना की जाएगी, समिति ने शिव मंदिर तैयार कर लिया है, जल्द ही राम दरबार का काम प्रारंभ होगा। शुक्रवार को परिसर में नर्मदेश्वर महादेव जी का वटवृक्ष के नीचे अभिषेक एवं स्थापना की गई, इस अवसर पर भंडारे का आयोजन भी किया गया। पं. विनय कृष्ण व्यास ने बताया कि नर्मदा तीरे बसे इस जिले से हर साल लाखों परिक्रमा वासी परिक्रमा मार्ग से गुजरते हैं, उनके रूकने ओर भोजन प्रसादी की सुविधा के लिए गांव में इस आश्रम का निर्माण किया गया है। सोलंकी ने बताया कि जल्द ही श्रावण माह में यहां रामायण पाठ का आयोजन भी होगा। एक माह यहां अखंड रामायण होगी। शुक्रवार को शिव अभिषेक में बड़ी संख्या में ग्रामीण श्रद्धालुओं ने शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित कर प्रसादी ग्रहण की।

### वट वृक्ष के नीचे नर्मदेश्वर महादेव की स्थापना एवं अभिषेक हुआ



## बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल ने दिया संवेदनशीलता का परिचय

# विधायक ने ली पांच बेसहारा बेटियों की शिक्षा की जिम्मेदारी

नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।

राजनीति समाज सेवा है और इसका उदाहरण बैतूल के विधायक हेमंत खंडेलवाल ने अपनी संवेदनशीलता के साथ बखूबी प्रस्तुत किया है. विधायक ने पांच बेसहारा बेटियों की शिक्षा की जिम्मेदारी लेकर उन्हें उज्जवल भविष्य की राह दिखाई है। बैतूल विधानसभा के सेलगांव ग्राम में मामूली विवाद के चलते संतोष उइके एवं उनकी पत्नी चंपा उइके की हत्या कर दी थी। जिससे उनकी तीन बेटियाँ अनाथ हो गई थी। इधर टेमनी ग्राम में पंजाबराव लोखण्डे का बीमारी से निधन होने के चलते उनकी दोनो बेटिया बेसहारा हो गई थी। परिवार की आर्थिक स्थिती ठीक नहीं होनें के कारण बैतूल विधायक नें पांचो बेसहारा अनाथ बेटियों के भविष्य की चिंता करते हुए उनके आगे की शिक्षा की जिम्मेदारी ली। गुरुवार को ग्रामीण क्षेत्रों के भ्रमण के दौरान बैतूल विधायक श्री खण्डेलवाल नें सेलगांव एवं टेमनी में पीडितों के निवास पर पहुचकर दिवंगतों को श्रद्धांजलि देकर परिजनों को सांत्वना दी एवं दोनों परिवार की पांचो बेटियों की आगे की पढ़ाई की जिम्मेदारी लेकर परिजनों को आश्वस्त किया कि बेटियों की पढ़ाई पर खर्च होनें वाली राशि उनके द्वारा वहन की जायेगी। विधायक की संवदेनशीलता से दिवंगतों के परिजन सहित ग्रामीण भावुक हो गये।



सेलगांव ग्राम में विवाद के चलते संतोष उइके एवं उनकी पत्नी चंपा उइके की हत्या कर दी गई थी। गुरुवार को बैतूल विधायक श्री खण्डेलवाल नें पीडितों के निवास पर पहुचकर घटना में घायल परिजनों के स्वास्थ की जानकारी ली। पीडितो नें बताया कि संतोष एवं चंपा की हत्या हो जाने से पूरा परिवार दहशत में है तथा उनकी तीन मासूम बेटियाँ अनाथ हो गई है। बेटियों के चाचा सुभाष उइके नें बताया कि दहशत के कारण वह बेटियों को अपने साथ सारणी ले जायेगें। पीड़ितो नें बताया कि परिवार में कमाने वाले संतोष की हत्या होनें से आर्थिक सकंट की स्थिती है एसे में बच्चियों को पढ़ाना भी मुश्किल है। बैतूल विधायक नें परिजनों को आश्वस्त किया कि वे तीनों बेटियों की आगे की पढ़ाई की जिम्मेदारी उठायेगें। उन्होनें बच्चियों के चाचा सुभाष उइके से कहा कि तीन बेटियों का एडमीशन सारणी के जिस भी स्कूल में करवाओगें आगे की पढ़ाई के लिए स्कूल की फीस का भुगतान उनके द्वारा किया जायेगा। बैतूल विधायक नें तीनों बेटियों प्रार्थना,याचिका और यशस्वी से कहा कि बगैर किसी भय, चिंता के मेहनत से पढ़ाई करें पढ़ाई पर खर्च की जिम्मेदारी मेरी रहेगी। उन्होनें दिवंगत दम्पत्ति की तेरव्ही- श्रद्धांजलि कार्यकम आयोजन के लिए परिजनों को आर्थिक सहायता भी दी।

### बकाया फीस भी करेगें जमा

टेमनी ग्राम में पार्टी कार्यकर्ता पंजाबराव लोखण्डे का बीमारी से निधन होनें पर बैतूल विधायक श्री खण्डेलवाल नें गुरुवार को उनके निवास पर पहुचकर शोक व्यक्त कर परिजनों को सांत्वना दी। परिजनों एवं ग्रामीणों द्वारा पंजाबराव के निधन के बाद उनकी दोनों बेटियों नैनसी और प्रियांसी की पढ़ाई को लेकर बैतूल विधायक के समक्ष चिंता जाहिर की। परिजनों नें बताया कि बेटियों की स्कूल की फीस भी जमा नहीं कर पाये है। जिससे आगे की पढ़ाई करवाना मुश्किल है। बैतूल विधायक ने स्कूल संचालक से बकाया फीस के संबंध में चर्चा की, स्कूल संचालक नें आधी फीस माफ करनें का आश्वासन दिया। बैतूल विधायक श्री खण्डेलवाल ने दोनों बेटियों की बकाया फीस जमा करनें के साथ ही उनकी आगे की पढ़ाई की जिम्मेदारी लेते हुए दिवंगत के परिजनों को आश्वस्त किया कि उनके द्वारा हर संभव मदद की जायेगी। उन्होनें परिजनों को आर्थिक सहायता भी प्रदान की।

# मालाखेडी के रेशम केन्द्र में अंतर्राष्ट्रीय स्तर का निर्यात सेंटर एवं दवाईयों का उत्पादन केन्द्र बनाया जाएगा: जायसवाल



नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।

प्रदेश के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिलीप जायसवाल ने शुक्रवार को रेशम उत्पादन केन्द्र मालाखेडी का भ्रणम किया। मंत्री श्री जायसवाल ने रेशम कार्य में संलग्न सभी हितग्राही महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि मालाखेडी के रेशम केन्द्र में अंतर्राष्ट्रीय स्तर का निर्यात सेंटर एवं दवाईयों का उत्पादन केन्द्र बनाया जाएगाए इसके लिए हर संभव उपाय किए जाएंगे। श्री जायसवाल ने शुक्रवार को रेशम केन्द्र मालाखेडी को दवाईयों का उत्पादन केन्द्र बनाने के लिए कई परियोजनाओं का शुभारंभ किया।

### रेशन के निर्यात को बढावा दिया जाएगाए इसके हर संभव उपाय किए जाएंगे

श्री जायसवाल ने वायलर सोलर पावर जनरेशन प्लान्ट चालू किया एवं थ्डै आधारित दवाई निर्माण हेतु तैयारियों का जायजा लिया। कवर्ड ककून मार्केट का प्रारम्भ कर अवलोकन किया। उन्हाने मलबरी रेशम धागाकरणए मलबरी ट्विस्टिंग इकाईए मूंगा रेशम धागाकरण इकाईए रेशम वस्त्र बुनाईए डिजायनर हेतु प्राकृत शोरूम का शुभारंभ किया। मंत्री श्री जायसवाल ने बताया कि सारंगपुर कोसा बीज केन्द्र का विकास होगाए एवं पचमढी में सोम के वृक्ष लगाये जायेंगे। उन्होने बताया कि रेशम केन्द्र मालाखेड़ी में पुरानी मशीन की मरम्मत की जाएगी। यहां पर रेशम एम्ब्रायडरी सेंटर का विकास किया जायेगा। तथा ग्राहकों के लिए नवीन वस्त्रोंए नई डिजाइनों के लिए कार्य किया जाएगा। श्री जायसवाल ने बताया कि रेशम केन्द्र में लगे सभी पौधरोपण की फेंसिंग की जायेगी एवं शोरूम का विकास किया जावेगा। बंद पड़े सोलर सिस्टम को ठीक किया जाएगा तथा सिंचाई पम्पों को सोलर से जोड़ा जायेगा। पर्यटकों को आकर्षित करने हेतु आधारित व्यवस्था की जाएगी । मंत्री जायसवाल ने बताया कि सिल्क टूरिज्म का विकास करते हुये स्थानीय रोजगार सृजित किए जायेंगे। जिससे फेडरेशन की आय में वृद्धि होगी । उन्होने बताया कि पुराने भवनों को बहुउद्देशीय रेशम केन्द्रों में परिवर्तित किए जायेंगे । और वहां पर प्रशिक्षण की गतिविधियां प्रारम्भ की जायेंगी । लोगो के माध्यम से रोजगार दिया जाएगा । औरै जंतज नच के माध्यम से युवाओं को रोजगार दिया जाएगा । मंत्री श्री जायसवाल ने बताया कि भारत सरकार के कृषि एवं वस्त्र और पर्यटन मंत्रालय से ।क्ठ लेख प्राप्त करने का प्रयास होगा । उन्होने बताया कि मालाखेड़ी, मढई, एवं पचमढी सतपुडा रीजन को पेशेविक रेशम विकास केन्द्र के रूप में विकसित किया जाएगा और क्लमकारी, बनारसी, जामदानी, बगरू, डाबू, जयपुर प्रिंटमेट, बाग बंधेज, फीहेण्ड प्रिंटिंग आदि फेशन के स्संपे ट्रेण्ड्स नवीन वस्त्रों का निर्माण किया जावेगा । उन्होने बताया कि रेशम के प्रिंटिंग डिजायनिंगए केलेण्डरिंग की नयी इकाई का कार्य भी प्रारम्भ किया जाएगा।

मंत्री श्री जायसवाल ने बताया कि सामान्य सुविधा केन्द्र विकसित एवं विकास के नये क्लस्टर बनाये जायेंगे। रेशम के कार्य में संलग्न सभी 200 दीदीयों को लखपति बनाया जाएगा और किसानों की आय में वृद्धि की जाएगी ।

### मटकुली में किया पौधरोपण

मंत्री श्री दिलीप जायसवाल एवं पिपरिया विधायक श्री ठाकुर दास नागवंशी ने मटकुली रेशम केंद्र में शहतूत के पौधों का रोपण किया। आगामी दिनों में 55 हज़ार पौधों का रोपण किया जाएगा एवं पूरे ज़िले में 3 लाख पौधों का रोपण किया जाएगा । मटकुली की रेशम धागा करण की मशीन भी संचालित की जाएगी।

## पॉलीटेक्निक महाविद्यालय एवं रेशम केन्द्र के मध्य एमओयू हुआ साइन

**नर्मदापुरम।** शुक्रवार को प्रदेश के कुटीर एवं ग्रामोद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल सांसद दर्शन सिंह चौधरी के समक्ष आयुक्त तकनीकी शिक्षा मदनमोहन नागरगोजे द्वारा रेशम केन्द्र के संचालक रविन्द्र सिंह एवं पॉलीटेक्निक प्राचार्य डॉण् प्रेमचन्द्र नरवरेए इन दोनों संस्थाओं के मध्य विभिन्न गतिविधियों को बढ़ावा देने जैसे तकनीकी शिक्षा में नवाचार करने हेतु एमओयू हस्ताक्षरित कराया गया। इसके पश्चात् आयुक्त श्री नागरगोजे तकनीकी शिक्षा द्वारा शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय नर्मदापुरम का निरीक्षण किया गया। जिसमें आयुक्त द्वारा छात्र.छात्राओं से चर्चा की गई एवं संस्था विकास हेतु विभिन्न दिशा निर्देश प्रदान किए गये। इस दौरान आयुक्त द्वारा संस्था परिसर में पौधरोपण किया गया। महाविद्यालय परिवार की ओर से आयुक्त को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार के देवेश तिवारीए अजय चण्डालेए श्रीमति सफीना अंसारीए श्रीमति नमामि मिश्राए आर0सी0 पासीए दिनेश दुबेए नकुल सिंहए देवीप्रसार मेहरए विनोद कुमार एवं विद्या मानकर सहित संस्था परिवार के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



## तवा बांध पर बाढ़ नियंत्रण की निगरानी लगातार होती रहे - कलेक्टर




कलेक्टर ने स्काडा सिस्टम से गेट ऑपरेशन का निरीक्षण किया

**नर्मदापुरम।** कलेक्टर सोनिया मीना ने शुक्रवार को तवा बांध पर बाढ नियंत्रण कक्ष में मुख्य अभियंता जल संसाधन विभाग, कार्यपालन यंत्री तवा परियोजना संभाग इटारसी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व इटारसी तथा तवा बांध के संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ बाढ संबंधी तैयारियों की समीक्षा की एवं स्काडा सिस्टम से गेट ऑपरेशन का निरीक्षण किया तथा सभी संबंधित अधिकारियों को बाढ से बचाव हेतु आवश्यक निर्देश दिए।

**मेट्रो एंकर**

## नागरिक मगरमच्छ से बचाव के लिए सावधानी रखें...

# सेठानी घाट पर मगरमच्छ की संभावना, जिला प्रशासन ने एडवायजरी की जारी



नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।

सेठानी घाट, नर्मदापुरम पर मगरमच्छ पाए जाने के संबंध में जिला प्रशासन द्वारा आमजन के लिए एडवाईजरी जारी की गई है। जारी एडवायतरी में अवगत कराया है कि सेठानीघाट पर मगरमच?छ देखा गया है। अत~ आम नागरिको से अपील की गई है कि वे मगरमच्छ से बचाव के लिए सावधानी रखें। आम नागरिकों को बताया गया है कि मगरमच्छ एक बार में अपनी सॉस 15 से 30 मिनट तक रोक के रख सकता है। वे अपना शिकार पानी में छुपकर घात लगाकर करते हैं। बारिश के समय मटमैले पानी में छुपना उनके लिए और आसान हो जाता है। ऐसे में यदि आपको पानी सतह पर काफ़ी समय से मगरमच्छ नहीं दिख रहा है, तो भी उधर मगरमच्छ घात लगाकर छिपा हुआ हो सकता है। एक बार में मगरमच्छ पानी के अंदर से हवा में 6 फुट तक की छलांग लगा सकते हैं। अत~ घाट पर स्नान करना सुरक्षित नहीं है। नदी किनारे पानी की तरफ़ पीठ करके खड़े नहीं हों। घाट पर पूजा करना सुरक्षित नहीं है। कुछ दिन घाट पर नहीं जायें।

मगर के मुँह की पकड़ अन?य जानवरों की तुलना में सबसे अधिक शक्तिशाली है। एक बार उसकी पकड़ में आने के बाद किसी भी व्यक्ति को बचाने की संभावना न के बराबर है। मगरमच्छ ज़मीन पर भी लगभग 18 किमी प्रति घंटा तक की गति से दौड़ सकते हैं। यदि कहीं नदी के बाहर मगर दिखता है तो भी उसके क़रीब नहीं जायें तथा तत्काल इसकी सूचना जिला प्रशासन एवं वन विभाग को दें।

नागरिको को बताया गया है कि बारिश के समय मगरमच्छ जिस इलाके में रहते हैं, पानी के अत्यधिक बहाव के कारण वो अक्सर वहाँ से आबादी क्षेत्र के क़रीब नदी या नाले में आ जाते हैं। कुछ समय में पानी कम होने पर वो पुनः अपने रहवास में चले जाते हैं। सभी नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि जब तक मगरमच्छ दिखना बंद नहीं होता है, तब तक घाट/नदी किनारे पर नहीं जायें।

# भारतीय किसान संघ के पदाधिकारी पहुंचे खरीदी केन्द्र, किसानों से की चर्चा



इटारसी, दोपहर मेट्रो।

भारतीय किसान संघ इटारसी नें मूंग खरीदी केन्द्रों पर पहुंच कर निरीक्षण किया एवं किसानों को आ रही समस्याओं का त्वरित निराकरण कराया । मीडिया प्रभारी नरेन्द्र गौर नें बताया कि भारतीय किसान संघ का प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को तहसील क्षेत्र के समस्त वेयरहाऊसों पर पहुंचा और तुलाई कार्यों, स्टाक की? जांच, उपार्जित मूंग की जांच समेत किसानों से चर्चा की । भोला वेयर हाऊस पर तुलावटी हम्मालों द्वारा 1-2 किलों मूंग अतिरिक्त किसानों से ली जा रही थी, जिसकी शिकायत भी केन्द्र प्रभारी को की है । इसके अलावा भारतीय किसान संघ शिवकृपा वेयरहाऊस, एवं अश्मी वेयर हाऊस जमानी भी पहुंचे । स्लाट बुकिंग, एवं खरीदी संबंधी समस्याओं के संदर्भ में किसानों से चर्चा की है इसके अलावा केन्द्रों पर किसानों की सुविधाओं का भी ध्यान रखनें की मांग की गयी है ।

### सेंपल के नाम पर अतिरिक्त मूंग न दें किसान

किसान संघ के कार्यकर्ताओं नें सेंपल के नाम पर 1-2 किलो मूंग न देनें की चर्चा किसानों से की है । एवं समिति प्रबंधक,सर्वेयरों,केन्द्र प्रभारियों को भी सेंपल के नाम पर मूंग न लेने हेतु हिदायत दी गयी है ।इस दौरान तहसील अध्यक्ष श्यामशरण तिवारी,श्रीराम दुबे, मंत्री सुभाष साध, रामस्वरूप चौरे, जगदीश कुशवाहा, नरेन्द्र गौर आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# इंद्र देवता मेहरबान हल्की बारिश से गर्मी से मिली राहत किसान खुश



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

जुलाई का महीना खत्म होने वाला है पर जोरदार बारिश नहीं होने के कारण गर्मी से मुक्ति नहीं मिल पा रही है। शहर वासियों को पीने के पानी के संकट का सामना करना पड़ रहा है यह हालत बरसात के दिनों में बने हुए हैं।किसानों की चिंताएं बड़ी हुई है पानी नहीं गिरने के कारण फसलें प्रभावित हो रही है जिन किसानों ने कचरा मार दवाई डाल दी है उनके फसलें पीली पड़ रही है धन को पानी नहीं मिलने से वहां भी खराब हो रही है। डेम में पीने के लिए पानी नहीं है इस वजह से सभी की चिंताएं बड़ी हुई है। एक दिन पहले गुरुवार तथा शुक्रवार को शाम के समय हल्की बारिश होने से लोगों को गर्मी से राहत मिल गई किसानों के चेहरों पर भी रौनक देखने को मिली दूसरी ओर 2 दिनों में हल्की बारिश से कुछ गैलन पानी केथन डेम में आने से प्रशासन ने राहत की सांस ली नहीं तो दो दिन पहले इतना पानी भी नहीं बचा है कि पानी सप्लाई किया जा सके पानी गिरने के बाद शुक्रवार को जल की सप्लाई भी की गई ।दूसरी ओर जिन क्षेत्रों में पानी नहीं पहुंच पा रहा है वहां पर टैंक से पानी पहुंचाने की तैयारी भी एसडीएम के द्वारा प्रारंभ की गई है। ग्राम पंचायत से टैंकर भी शहर में जल सप्लाई के लिए बुलाया जा रहे हैं ।

जिले में अब तक 321.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई - जिले में इस वर्ष अब तक 321.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज हो चुकी है जबकि आज शुक्रवार को 17 मिमी वर्षा दर्ज हुई है। अधीक्षक भू-अभिलेख श्रीमती कृष्णा रावत ने बताया कि जिले की तहसीलो में स्थापित वर्षामापी यंत्रो पर शुक्रवार 19 जुलाई की प्रातः आठ बजे दर्ज हुई वर्षा तदानुसार विदिशा में 31 मिमी, बासौदा में 9.2 मिमी, कुरवाई में 19.6 मिमी, सिरोंज में 28 मिमी, लटेरी में छह मिमी, ग्यारसपुर में दस मिमी, गुलाबगंज में पांच मिमी, नटेरन में आठ मिमी, शमशाबाद में 22.5 मिमी तथा पठारी तहसील में 31 मिमी वर्षा दर्ज हुई है। जिले की तहसीलो में अब तक दर्ज हुई वर्षा तदानुसार विदिशा में 310 मिमी, बासौदा में 221 मिमी, कुरवाई में 394.4 मिमी, सिरोंज में 270 मिमी, लटेरी में 507.1 मिमी, ग्यारसपुर में 281 मिमी, गुलाबगंज में 242 मिमी, नटेरन में 340 मिमी, शमशाबाद में 231.7 मिमी तथा पठारी तहसील में 422 मिमी वर्षा दर्ज हुई है। इस प्रकार कुल 321.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई है।

### स्लॉट बुकिंग की अंतिम तिथि रविवार 21 जुलाई

# जिले के 516 किसानों से 7141क्विंटल मूंग समर्थन मूल्य पर बेची



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

विदिशा जिले में ग्रीष्मकालीन मूंग फसल का समर्थन मूल्य 8588 रुपए प्रति क्विंटल की दर पर उपार्जन कार्य पांच केन्द्रो पर एक साथ किया जा रहा है। किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग के उपसंचालक श्री केएस खपाड़िया ने बताया कि जिले में अब तक 516 किसानों के द्वारा 7141.50 क्विंटल मूंग का विक्रय किया जा चुका है।

समर्थन मूल्य पर विक्रय हेतु किसान भाई अपना पंजीयन कार्य उपार्जन के लिए स्लॉट बुकिंग की अंतिम तिथि 31 जुलाई के 10 दिन पहले अर्थात 21 जुलाई तक अनिवार्य रूप से कर सकते हैं। किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के उपसंचालक ने बताया कि जिले में 2624 किसानों के द्वारा समर्थन मूल्य पर मूंग फसल विक्रय हेतु पंजीयन कराया गया है जिसमें से 516 किसानों के द्वारा अपनी ग्रीष्मकालीन मूंग फसल का विक्रय समर्थन मूल्य पर किया जा चुका है।

सर्वाधिक बासौदा के उपार्जन केन्द्र क्रमांक एक ग्राम बंजारी माता परिसर बरेठ रोड गंजबासौदा में 276 किसानो के द्वारा 3533 क्विंटल मूंग फसल का विक्रय किया गया है इसके पश्चात् कुरवाई के उपार्जन केन्द्र क्रमांक एक घुरावली में 86 किसानो के द्वारा 1497.50 क्विंटल, शमशाबाद के उपार्जन केन्द्र क्रमांक एक एमपीडब्ल्यूएलसी में 68 किसानो के द्वारा 1042 क्विंटल तथा विदिशा के उपार्जन केन्द्र क्रमांक एक एमपीडब्ल्यू एलसी मंडी परिसर में 54 किसानो ने 634.50 क्विंटल, जबकि विदिशा के ही केन्द्र क्रमांक एक मंडी परिसर गोदाम नम्बर दो में 32 किसानो के द्वारा 434.50 क्विंटल मूंग फसल का विक्रय समर्थन मूल्य पर किया गया है।

# जिला बदर का आदेश जारी

**सिरोंज**। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी बुद्धेश कुमार वैद्य ने पुलिस अधीक्षक के पालन प्रतिवेदन पर एक प्रकरण में जिला बदर के आदेश जारी कर दिए है। जारी आदेश में उल्लेख है कि विभिन्न अपराधों में लिप्त अनावेदक सचिन अहिरवार पुत्र पुत्र शेरूबाबू अहिरवार निवासी पानी की टंकी के पास लुहांगी मोहल्ला थाना कोतवाली विदिशा के विरूद्व मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत जिला बदर की कार्यवाही तीन माह के लिए की गई है। उक्त अवधि में विदिशा जिला एवं सीमावर्ती जिला रायसेन, भोपाल, गुना, अशोकनगर, सागर, राजगढ़ की राजस्व सीमा से तीन माह की कालावधि के लिए उसे निष्कासित किया गया है।

# समीक्षा बैठक 24 को सेमलखेडी जैन तीर्थ स्थल परिसर में

**सिरोंज।** कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य की अध्यक्षता में तथा सिरोंज विधायक उमाकांत शर्मा की उपस्थिति में सिरोंज तहसील के ग्राम सेमलखेडी जैन तीर्थ स्थल पर होने वाले निर्माण कार्यो की समीक्षा बैठक 24 जुलाई को आयोजित की गई है। यह बैठक सेमलखेडी जैन तीर्थ स्थल परिसर में प्रातः दस बजे से शुरू होगी।

### विधायक के निर्देश पर हुआ सीमांकन पर रिपोर्ट नहीं कर रहा है जारी

# तालाब का सीमांकन तो हुआ, पर रिपोर्ट नहीं आने से उठे सवाल

### 7 दिन के अंदर रिपोर्ट नहीं आई तो अशोक खर्चा बैठेंगे आमरण अनशन

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

नगर के प्राचीन तालाब का सीमांकन कई सालों के संघर्ष के बाद विधायक के निर्देशों के उपरांत करवाने की हिम्मत एसडीएम हर्षल चौधरी दिखाते हुए सीमांकन करवा दिया सीमाओं का निर्धारण तथा सीमांकन की रिपोर्ट नहीं आने से सीमांकन करने वाली टीम पर जरूर सवाल खड़े हो रहे हैं कई तरह के आप भी लगाया जा रहे हैं । तालाब के सीमांकन के लिए लंबे वर्षों से लड़ाई लड़ने वाले अशोक खर्चा एक बार फिर रिपोर्ट को लेकर मैदान में उतरने की तैयारी करते हुए दिखाई दे रहे हैं। शुक्रवार को तहसीलदार संजय चौरसिया को आवेदन देते हुए अशोक खर्च ने 7 दिनों के अंदर तालाब के सीमांकन की रिपोर्ट एवं हातबांदी करवा कर भूमाफियाओं पर कार्रवाई करके तालाब को मुक्त नहीं करवाया तो खुले मैदान में आमरण अनशन पर बैठने की धमकी देते हुए कहा है कि प्रशासन भू माफिया और रसूखदार कॉलोनी वालों के दबाव में के दबाव में रिपोर्ट जारी करने के नाम पर टालमटोल कर रहा है उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि जिम्मेदार अधिकारी दाम या किसी नेता के दबाव में रिपोर्ट नहीं जारी कर रहे हैं यदि दबाव है तो उसका नाम भी बताएं वहीं विधायक उमाकांत शर्मा के निर्देशो के बाद बड़ी मुश्किल से तो सीमांकन की घड़ी आई थी उसको भी धूमिल करने का काम किया जा रहा है विधायक के निर्देशों को भी अधिकारी हल्के में ले रहे हैं तभी तो सीमाओं का निर्धारण नहीं हो रहा है । इतने दिन भी जाने के बाद भी सीमांकन रिपोर्ट दे रहे हैं। सीमांकन करने वाली टीम पर भी उन्होंने गंभीर आरोप लगाए हैं और कहां है कि किसी का दवाब नहीं है तो जल्दी से जल्दी सीमांकन की रिपोर्ट सार्वजनिक करके अतिक्रमण धारियों से तालाब की जमीन को मुक्त करवाए।



### इनका कहना है -

*भूमाफियाओं के दबाव में प्रशासन के द्वारा सीमांकन की रिपोर्ट जारी नहीं की जा रही है सात दिवस के अंदर रिपोर्ट नहीं दी गई तो मैं आमरण अनशन पर बैठूंगा इसकी समय जिम्मेदारी प्रशासन की होगी तालाब के लिए मैं अपना जीवन भी निछावर करने को तैयार हूं।*

***अशोक जैन** खर्चा समाजसेवी*

*जिले से रिपोर्ट आने वाली है जल्दी ही रिपोर्ट आ जाएगी मैंने जिले में भी बात की है।*

***संजय चौरसिया** तहसीलदार*

### तालाब बना कमाई का जरिया -

तालाब के गहरीकरण से लेकर उसकी जमीन पर कब्जा करवाने और जमीन बेचने को लेकर हमेशा तालाब चर्चाओं में रहा है जिसके नाम पर करोड रुपए का भ्रष्टाचार भी हुआ है नियमों को तक पर रखकर तालाब की जमीन में से रास्ता दे दिया आम जनता को गुमराह करने के लिए तात्कालिक नगर पालिका अध्यक्ष ने उस समय थाने में रिपोर्ट भी दर्ज कराई पर कुछ दिनों के बाद मामला ठंडा पड़ गया इसमें भी आरोप लगे कि कॉलोनी वाले को फायदा पहुंचाने के लिए रास्ता दिया है क्योंकि जो कॉलोनी है उसमें जाने के लिए कोई रास्ता नहीं था इस वजह से जानबूझकर दीवार तोड़कर रास्ता दिया गया।और तालाब की जमीन में से रास्ता भी निकल गए इसी तरह नगर पालिका परिषद के द्वारा नियम विरुद्ध तालाब की जमीन को 6 दुकानदारों को बेचने का मामला भी सामने उसके बाद तत्कालीन एसडीएम में बृजेश शर्मा ने नगर पालिका का निर्णय को गलत बताते हुए कहा था कि इनको जमीन बेचने का अधिकार नहीं है बेची गई जगह को निरस्त करने की कार्रवाई की थी।

### सीमांकन हुआ तो शहर में थी खुशी -

तालाब के सीमांकन की जानकारी लगते ही पूरे शहर में खुशी की लहर दौड़ गई थी दूसरी और भू माफियाओं के चेहरों पर जरूर चिंता की लकीर खींच गई थी सीमांकन से रास्ता बंद हो जाएगा। लोगों को उम्मीद थी कि प्राचीन तालाब अतिक्रमण धारियों के चंगुल से मुक्त हो जाएगा जिस तरह से जिम्मेदार कम कर रहा है उसको देखते हुए ऐसा होना मुश्किल दिखाई दे रहा है। जानबूझकर कॉलोनाइजरों को फायदा पहुंचाने के लिए सीमाओं का निर्धारण करके रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की जा रही है। निष्पक्ष सीमांकन के लिए एसडीएम ने जिले से मशीन तथा जिले के आर आई और स्थानीय आर आई एवं अधिकारियों ने मिलकर ही सीमांकन किया था।

## मंडी के गेट बनाने में हो रहा है घटिया मटेरियल का उपयोग, हो सकता है हादसा जिम्मेदार बेखबर

**सिरोंज।** पुराने मंडी परिसर में जाने वाले मुख्य गेट का निर्माण बड़ी मुश्किल से तो प्रारंभ हुआ है। पुराने गेट को तुड़वाकर नया गेट बनवाने का काम करवाने के लिए मंडी के व्यापारी लगातार शिकायत कर रहे थे। विधायक से लेकर एसडीएम मंडी सचिव से लगातार बोला इसके बाद पुराने गेट को तोड़ दिया था पर कई दिनों से गेट बनाने का काम प्रारंभ नहीं हो पा रहा था एसडीएम में हर्षल चौधरी के निर्देश पर ठेकेदार ने काम तो प्रारंभ कर दिया पर उसको बनाने



में घटिया मटेरियल का उपयोग किया जा रहा है। इस वजह से इसकी गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो रहे हैं मटेरियल सही नहीं होने के कारण कभी भी गेट धराशाई हो सकता है क्योंकि रेत की जगह पर चूरी डाली जा रही है। मुख्य गेट के बनाने में घटिया काम होगा तो गेट गिरने का खतरा भी हमेशा बना रहेगा पहले भी गुणवत्ता बिहीन कार्य से हादसे हो चुके हैं उनसे भी सीख नहीं ले रहे हैं। मंडी प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों को तत्काल घटिया कार्य को बंद करवरकर गुणवत्ता के साथ कार्य करवाना चाहिए।

**मेट्रो एंकर**

### शक्ति केंद्रों पर आयोजित सम्मेलनों में बूथ पर सक्रिय रहकर परिश्रम करने वाले कार्यकर्ताओ का हुआ सम्मान

# बूथ जीता चुनाव जीता के मंत्र को सच्चे अर्थों में कार्यकर्ता ही सिद्ध करता है : विधायक शर्मा

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

**भारतीय जनता पार्टी संगठन द्वारा शुक्रवार को विधानसभा के अंतर्गत आने वाले सभी मंडलों में मतदान केंद्रों पर सक्रिय भूमिका निभाकर विधानसभा तथा लोकसभा चुनावों में विजयश्री दिलाने वाले कार्यकर्ताओं का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रदेश संगठन के आव्हान पर संगठन रचना अनुसार प्रत्येक शक्ति केंद्र पर आयोजित इन कार्यक्रमो में संगठन इकाई के वरिष्ठ नेताओं ने पार्टी की रीति नीति से बूथ कार्यकर्ताओ को अवगत कराते हुए उनका सम्मान भी किया। शक्ति केंद्र क्रमांक एक पर आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में स्थानीय विधायक उमाकांत शर्मा ने भी सहभागिता की।**

पालीवाल कॉलोनी स्थित निजी गार्डन में आयोजित शक्ति केंद्र क्रमांक एक के कार्यकर्ता सम्मान सम्मेलन में उपस्थित कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए विधायक उमाकांत शर्मा ने कहा कि चुनाव चाहे लोकसभा का हो या विधानसभा का अथवा स्थानीय स्तर का लेकिन वास्तव में प्रत्याशियों को जिताने के लिए मतदान केंद्रों पर सक्रिय रहकर काम करने वाला कोई होता है तो वह बूथ स्तर का कार्यकर्ता होता है। आज भी ऐसे हजारों कार्यकर्ता है जो बगैर किसी दिखावे के निस्वार्थ भाव से चुनावों के समय सक्रिय रहकर पार्टी को मजबूती देने का काम करते है ऐसे ही कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम से आज देश और प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकारें निरंतर स्थापित होकर जनकल्याण के काम कर रही है। इसलिए हमारे संगठन ने इन सम्मेलनों के माध्यम से कार्यकर्ताओं को सम्मानित करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि आप सभी के अथक परिश्रम से ही







सागर लोकसभा की प्रत्याशी लता बानखेड़े को सिरोंज लटेरी विधानसभा से साठ हजार से अधिक मतों से ऐतिहासिक विजय प्राप्त हुई है। कार्यक्रम को संगठन द्वारा भेजे गए वक्ताओं में जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष शिवकुमार भार्गव तथा सुमंत मित्तल ने भी प्रेरणादायक उदबोधन से संबोधित किया। इसके पूर्व सम्मेलन का शुभारंभ भारतमाता,डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। सम्मेलन का संचालन शक्ति केंद्र के संयोजक सचिन शर्मा ने तथा आभार पार्षद हरिचरण अहिरवार ने व्यक्त किया। शक्ति केंद्र के अंतर्गत नौ मतदान केंद्रों के इस सम्मेलन में प्रमुख रूप से हरिबाबू भार्गव, कामराज पाटीदार, राकेश पालीवाल, नरेंद्र पाटीदार, सहसंयोजक पवन शर्मा, प्रशांत पालीवाल सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहें।



भाजपा का पटका पहनाकर किया कार्यकर्ताओं का सम्मान -शक्ति केंद्र स्तर पर आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में मंचासीन अतिथियों द्वारा संगठन की मंशानुरूप सहभागिता कर रहे बूथ के कार्यकर्ताओं का तिलक लगाकर केसरिया तौलिया एवं पटका पहनाकर सम्मान किया गया। इसी बीच कार्यक्रम में पहुँचे विधायक उमाकांत शर्मा ने भी अपनी ओर से भाजपा का दुप्पटा पहनाकर कार्यकर्ताओ को सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने सभी बूथों के अध्यक्षों तथा इन मतदान केंद्रों पर रहने वाले वरिष्ठ भाजपा के पदाधिकारियों को मंच पर बिठाकर भी सम्मानित किया। इस दौरान वे खुद एक आम कार्यकर्ता की भाँति मंच के सामने कार्यकर्ताओ के बीच बैठे। इसके अलावा नगर मंडल के अंतर्गत संगठन रचना के मुताबिक सातों शक्ति केंद्रों सहित ग्रामीण मंडलों के सभी शक्ति केंद्रों पर भी पृथक से यह सम्मेलन आयोजित किए। जिनमे भाजपा के सभी वरिष्ठ नेताओं सहित बूथ केंद्र के कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की।

### पेरिस ओलंपिक गेम्स 2024: 12 साल से पदक पर निशाने का इंतजार

# निशानेबाजी में भारत का अब तक का सबसे बड़ा दल उतर रहा है खेलों में

**नईदिल्ली. एजेंसी**

टोक्यो ओलंपिक में निराशाजनक प्रदर्शन करने वाली मनु भाकर से पेरिस में काफी उम्मीदें हैं। पिछले साल 25 मीटर एयर पिस्टल में स्वर्ण पदक जीतने वाली मनु ने ओलंपिक ट्रॉयल्स के दौरान भी शानदार प्रदर्शन किया था। वह बेहतरीन उभरती हुई निशानेबाज हैं। 50मी राइफल थ्री पोजिशन में विश्व रेकॉर्ड कायम करने वाली सिफ्ट कौर वर्तमान में एशियन चैंपियन भी हैं। उन्होंने एशियन गेम्स में वर्ल्ड चैंपियन को हराया था। वह पदक की प्रबल दावेदार हैं। हालांकि वे इसे लेकर कोई तनाव नहीं ले रही हैं। तीन शूटर लगातार दूसरे ओलंपिक में उतरेंगे- भारत के तीन शूटर ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर के अलावा महिला वर्ग में अंजुम मुदगिल तथा मनु भाकर लगातार दूसरी बार ओलंपिक खेलों में शिरकत करेंगी। इन तीनों के पास ओलंपिक जैसे बड़े इवेंट में दबाव से निपटने का अच्छा अनुभव है।



### राजस्थान- अनंतजीत और माहेश्वरी से उम्मीद

पेरिस ओलंपिक में राजस्थान से सिर्फ दो ही खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं, जिनमें शॉटगन शूटर अनंतजीत सिंह नरुका और माहेश्वरी चौहान शामिल हैं। अनंतजीत पुरुषों की स्कीट स्पर्धा के अलावा माहेश्वरी के साथ मिश्रित स्कीट टीम स्पर्धा में भी चुनौती पेश करेंगे। ये दोनों निशानेबाज अपने पहले ओलंपिक में शिरकत करने जा रहे हैं और पदक जीतने को प्रतिबद्ध हैं।

**पिछले दो बार 27 शूटर रहे खाली हाथ:** भारतीयों के लिए पिछले दो ओलंपिक गेम्स बेहद निराशाजनक रहे। इस दौरान कुल 27 निशानेबाज चुनौती पेश करने के लिए उतरे लेकिन सभी ने निराश किया। टोक्यो 2020 ओलंपिक में 15 शूटर उतरे थे लेकिन सिर्फ एक ही फाइनल में जगह बना सका था।

### ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर

ऐश्वर्य के लिए टोक्यो ओलंपिक निराशाजनक रहा और वह 21वें स्थान पर रहे थे। लेकिन पिछले कुछ समय में उन्होंने अपने प्रदर्शन में काफी सुधार किया है। वह 2023 वर्ल्ड चैंपियनशिप में 50मी राइफल थ्री पोजिशन टीम स्पर्धा में स्वर्ण जीतने वाली टीम का हिस्सा थे।

### अनीश भानवाल

कई अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं में पदक जीतने वाले अनीश उभरते हुए स्टार हैं। 2022 वर्ल्ड चैंपियनशिप में रजत और 2023 एशियन गेम्स में कांस्य जीतने वाले अनीश 2017 से भारतीय शूटिंग टीम का हिस्सा हैं और कम उम्र के बावजूद उनके पास अंतरराष्ट्रीय स्तर पर काफी अनुभव है।

### महिलाओं से उम्मीद

ओलंपिक खेलों में आज तक कभी कोई महिला निशानेबाज पदक जीतने में सफल नहीं हो सकी है। इस बार भारतीय दल में सर्वाधिक 11 महिला शूटर हैं और उम्मीद जताई जा रही है कि इनमें से कोई पदक जीतकर इतिहास के पन्नों में अपना नाम दर्ज कराने में सफल होगी।

### दूसरा टेस्ट

# इंग्लैंड के खिलाफ विंडीज टीम ने 5 विकेट खोकर 351 रन बनाए



**नॉटिंघम. एजेंसी**

इंग्लैंड के 416 रन के जवाब में वेस्टइंडीज ने दूसरे क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन शुरुआती झटकों से उबरते हुए अपनी स्थिति मजबूत कर ली। केवम हॉज (120 रन) और एलिक अथानाजे (82 रन) की पारी से वेस्टइंडीज ने स्टंप्स तक 5 विकेट खोकर 351 रन बना लिए थे। विंडीज टीम अब भी इंग्लैंड से 65 रन पीछे है।

**हॉज और अथानाजे ने वेस्टइंडीज को उबारा**

### मार्क वुड की आक्रामक गेंदबाजी

इससे पहले इंग्लैंड के तेज गेंदबाज मार्क वुड ने दो ओवर में लगातार आक्रामक गेंदबाजी की। उन्होंने विंडीज के मिकाइल लुइस को 151.1 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद फेंक कर इसकी शुरुआत की। उन्होंने यहां 156.26 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से भी गेंद फेंकी।

# फीफा रैंकिंग: फ्रांस दूसरे व स्पेन तीसरे नंबर पर, ब्राजील पांचवें स्थान पर खिसका, एशिया में भारत 22वें स्थान पर

**नईदिल्ली.एजेंसी**

भारतीय फुटबॉल टीम जारी फीफा पुरुष रैंकिंग में 124वें स्थान पर बरकरार है जबकि मौजूदा विश्व चैंपियन और कोपा अमरीका कप विजेता अर्जेंटीना ने अपना शीर्ष स्थान मजबूत किया। हालांकि एशिया में भारत 22वें स्थान पर बरकरार है जिसमें वह लेबनान, फिलिस्तीन और वियतनाम से पीछे है। फ्रांस यूरो 2024 के सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद दूसरे स्थान पर है। यूरो चैंपियन स्पेन तीसरे व इंग्लैंड चौथे स्थान पर है। ब्राजील एक स्थान के नुकसान के साथ 5वें स्थान पर पहुंच गया है।



### रेडोंडो के दो गोल से इंटर मियामी जीता

फेडरिको रेडोंडो के दो गोल से इंटर मियामी ने मेजर लीग सॉकर में टोरंटो एफसी को 3-1 से हराया। डिएगो गोमेज ने 43वें मिनट में शुरुआती गोल दाग इंटर मियामी को बढ़त दिलाई, जिसे रेडोंडो ने 53वें और 59वें में गोल दाग स्कोर 3-0 कर दिया। दिग्गज फुटबॉलर लियोनल मेसी के बगैर यह इंटर मियामी की पांचवीं जीत है।

### विमेंस एशिया कप: भारत की पाकिस्तान पर बड़ी जीत

# दीप्ति शर्मा ने 20 रन देकर 3 विकेट लिए, बनी प्लेयर ऑफ द मैच



**मुंबई. एजेंसी**

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने विमेंस एशिया कप में जीत के साथ शुरुआत की है। टीम इंडिया ने पहले ही मुकाबले में अपने सबसे बड़े राइवल पाकिस्तान को 7 विकेट से हराया। टीम ने 109 रन का टारगेट 14.1 ओवर में चेज कर लिया। उपकप्तान स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा ने 85 रनों की ओपनिंग पार्टनरशिप करके रन चेज आसान बनाया। भारतीय गेंदबाजों ने दीप्ति शर्मा की अगुवाई में पाकिस्तान को 19.2 ओवर में 108 रन पर ऑलआउट कर दिया। दांबुला में मिली इस जीत के साथ ही भारतीय लड़कियों ने 2022 में मिली पिछली हार का बदला भी ले लिया है। तब टीम इंडिया 13 रन से हरा गई थी। दीप्ति ने अपने कोटे के 4 ओवर में 20 रन देकर तीन विकेट लिए। इतना ही नहीं, 18वें ओवर में एक रनआउट भी किया। इस ओवर में 3 विकेट आए थे। उन्होंने कप्तान निदा दार, तुबा हुसैन और नशरा सिंधू को पवेलियन भेजा। इस प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। मंधाना भारतीय टीम की टॉप स्कोरर रहीं। उन्होंने 31 बॉल पर 45 रनों की पारी खेली। मंधाना ने 9 चौके के सहारे 145.16 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए।

### स्वीडिश ओपन टेनिस- अर्जेंटीना के नवोन को हराया

# राफेल नडाल दो साल बाद पहली बार सेमीफाइनल में

**बस्ताद. एजेंसी**

स्पेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी और 22 बार के ग्रैंड स्लेम चैंपियन राफेल नडाल ने शुक्रवार को यहां शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वीडिश ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। उन्होंने 3 घंटे 59 मिनट तक चले क्वार्टरफाइनल मुकाबले में अर्जेंटीना के मारियानो नवोन को 6-7, 7-5, 7-5 से शिकस्त दी।

### देवेंद्र झाझड़िया बोले

# पैरालंपिक में अबकी बार 25 पदक पार

**नईदिल्ली. एजेंसी**

भारतीय पैरालंपिक समिति के अध्यक्ष देवेंद्र झाझडिया ने शुक्रवार को कहा कि पेरिस में भारत को न सिर्फ सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का यकीन है बल्कि पूरी उम्मीद है कि इस बार पदक संख्या 25 पार जाएगी। भारतीय पैरालंपिक दल ने टोक्यो में इतिहास रचते हुए पांच स्वर्ण पदक समेत 19 पदक जीते थे। झाझड़िया ने कहा, मुझे लगता है कि पेरिस में हमारा प्रदर्शन सर्वश्रेष्ठ होगा। हमारा स्लोगन है अबकी बार 25 पार। हमारी तैयारी अच्छी है।



## मेट्रो बाजार

# सर्वे रिपोर्ट में खुलासा: आर्थिक तंगी से जूझ रहे 48 फीसदी परिवार



**नईदिल्ली, एजेंसी**

देश के 48 फीसदी परिवार कहीं न कहीं आर्थिक तंगी का सामना कर रहे हैं। लोकल सर्किल्स की ओर से किए गए सर्वे के मुताबिक, अधिकतर भारतीय परिवारों की स्थिति 'आमदनी अठन्नी, खर्चा रुपैया' वाली है। इस सर्वे रिपोर्ट के मुताबिक, लोगों का खर्च बढ़ गया है और उनकी आय पहले की अपेक्षा कम हुई है और बचत भी घटा है। रोटी, कपड़ा और मकान के अलावा शिक्षा, बिजली, ट्रांसपोर्ट, किराया जैसे खर्च बढ़ते जा रहे हैं और इन खर्चों के अनुपात में आय बढ़ नहीं रही है। ऐसे में लोग जरूरतों को पूरा करने के लिए बचत में कटौती कर रहे हैं। पैतृक जमीन और संपत्ति कम होना बड़ी चिंता बनकर उभरी है। आय कम और खर्च बढ़ने से भारतीय परिवारों की घरेलू बचत घट रही है। सरकार की ओर से जारी नेशनल अकाउंट्स स्टेटिस्टिक्स, 2024 के आंकड़ों के अनुसार, भारत की घरेलू बचत दर वित्त वर्ष 2020-21 में 22.7 फीसदी थी जो वित्त वर्ष 2022-23 में घटकर 18.4 फीसदी रह गई। घटती आय और कम हो रहे बचत के बीच भारतीय परिवार वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से वर्ष 2024-25 के बजट में अपने लिए कुछ राहत भरे ऐलान की उम्मीद कर रहे हैं। लोगों को बजट से आयकर दरों में कमी, जीरो टैक्स स्लैब कैटेगरी का विस्तार और सेक्शन 80सी के तहत कटौती की सीमा बढ़ाए जाने जैसी राहत भरी घोषणाओं की उम्मीद है।

# दावा: देश में लाखों जॉब, मगर लेने वाला कोई नहीं, फाइनेंशियल सेक्टर में खाली रहे करीब 18 लाख पद

**नईदिल्ली, एजेंसी**

देश में बेरोजगारी पर जारी बहस के बीच एक चौंकाने वाला दावा किया गया है। इसमें कहा गया है कि फाइनेंस सेक्टर में 18 लाख नौकरियां हैं, लेकिन ये नौकरियां लेने वाले लोग ही नहीं हैं। फाइनेंशियल प्लानिंग स्टैंडर्ड्स बोर्ड के सीईओ कृष्ण मेनन ने नेशनल कॅरियर सर्विसेज पोर्टल का हवाला देते हुए कहा कि पिछले साल फाइनेंशियल सर्विसेज सेक्टर में 46.86 लाख जॉब पैदा हुए। इनमें से सिर्फ 27.5 पोस्ट ही भर पाए, 18 लाख पद खाली रह गए। इसका कारण युवाओं में कौशल की कमी बताया जा रहा है। उन्होंने कहा, देश में नौकरियां तो हैं मगर योग्य व्यक्तियों की भारी कमी है। यह दावा ऐसे समय में किया है जब सीएमआइई ने कहा कि देश में जून में बेरोजगारी दर 13 साल के उच्चतम स्तर 9.2 फीसदी पर पहुंच गई। देश में उपलब्ध सर्टिफाइड फाइनेंशियल प्लानर्स की संख्या की तुलना में करीब 40 गुना अधिक नौकरियां उपलब्ध। फाइनेंशियल प्लानिंग स्टैंडर्ड्स बोर्ड के सीईओ ने कहा कि गुजरात के गांधी नगर में बन रही गिफ्ट सिटी में फाइनेंशियल सर्विसेज सेक्टर में लगभग 6000 लोगों को रोजगार मिला हुआ है। गिफ्ट सिटी अगले 5 साल में लगभग 1.5 लाख लोगों को रोजगार देगी। वित्तीय सेवा में सबसे ज्यादा नौकरियां उपलब्ध रहती हैं।



## मनोरंजन | बॉलीवुड का कोना

# राघव जुयाल ने नेपोटिज्म पर की बात, खुद को बताया बाहरी का बड़ा उदाहरण

राघव जुयाल भारतीय टीवी जगत के नामी चेहरा रहे हैं। टीवी पर वह कई शोज मे डांसिंग और मेजबानी करते नजर आए हैं। टीवी के अलावा वह कई फिल्मों में भी नजर आ चुके हैं। इन दिनों वह अपनी हालिया रिलीज फिल्म %किल% के लिए सुर्खियां बटोर रहे हैं। इसमें उन्हें दर्शकों द्वारा काफी पसंद भी किया जा रहा है। उन्होंने बाहर से आकर इस इंडस्ट्री में अपनी जगह बनाई है। हाल में ही उन्होंने नेपोटिज्म को लेकर बात की है।

हाल में ही एक इंटरव्यू के दौरान अभिनेता ने फिल्म इंडस्ट्री में बाहरी होने और अपने अब तक के सफर को लेकर बात की है। उनका अबतक का सफर कैसा रहा और बाहरी के टैग की वजह से क्या उन्हें कभी परेशानी का सामना करना पड़ा, इन सभी बातों पर उन्होंने खुल कर बात की है। इस बीच उन्होंने खुद को सबसे बड़ा बाहरी व्यक्ति का उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि इंडस्ट्री में अपनी जगह बनाने के लिए, उन्होंने कड़ी मेहनत की है।

राघव ने कहा, मैं देहरादून से हूं, इंडस्ट्री से मेरा कोई संबंध नहीं है। इसके अलावा ना मुझे किसी एजेंसी ने साइन किया है। मैं पूरी तरह से अकेले काम करता हूं। मैं किसी भी चीज को लेकर बस शिकायत करते रहने में समय बर्बाद नहीं कर सकता। ऐसे करने से मैं वहीं फंस जाता। इसमें काम जारी रखने का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि खिलाड़ी भी लगातार अपने काम को करने पर ध्यान देते हैं, चाहे वह सफल हों या असफल। वे असफल होने के बाद भी जवाबी हमला करते हैं। अभिनेता ने कहा कि वह भी अपनी जिंदगी ऐसे ही जीना चाहते हैं। बॉलीवुड के मशहूर फिल्म निर्माता-निर्देशक करण जौहर पर अक्सर नेपोटिज्म को बढ़ावा देने का आरोप लगता है। हालांकि, राघव की इस हालिया रिलीज फिल्म में वह भी बतौर निर्माता जुड़े हैं। अभिनेता ने इसके लिए दिग्गज निर्माता का शुक्रिया अदा किया है।



# ट्रेलर: कुशा कपिला-दिव्येंदु में संपत्ति के लिए छिड़ी जंग

कुशा कपिला और दिव्येंदु अपनी ट्यूनिंग से दर्शकों का दिल जीतने आ रहे हैं। दोनों सितारे डिज्नी+हॉटस्टार पर अपनी आगामी वेब सीरीज 'लाइफ हिल गई' के साथ आपको गुदगुदाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। शो के निर्माताओं ने सीरीज का धमाकेदार ट्रेलर जारी कर दिया है। साथ ही इसकी स्ट्रीमिंग की तारीख से भी पर्दा उठा दिया गया है। फिल्म के निर्माताओं ने डिज्नी+ हॉटस्टार के आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर सीरीज का ट्रेलर साझा किया। साथ ही इसके कैप्शन में लिखा, भाई बहन के झगड़े, दादू की संपति और ढेर सारी कॉमेडी। हमारे नए शो लाइफ हिल गई की स्ट्रीमिंग 9 अगस्त को न चूकें। सिर्फ हॉटस्टार पर। हिमश्री फिल्म्स द्वारा समर्थित, लाइफ हिल गई में कुशा कपिला, दिव्येंदु, मुक्ति मोहन, विनय पाठक और अरुशी निशंक ने अभिनय किया है। सीरीज प्रेम मिस्त्री द्वारा निर्देशित है। 2 मिनट 16 सेकंड का ट्रेलर कॉमेडी ड्रामा से भरपूर है। ट्रेलर की शुरुआत कबीर बेदी से होती है जो एक दादा और होटल गुड मॉर्निंग वुड्स विला के मालिक के किरदार में हैं। वहीं, ट्रेलर को देखकर साफ हो रहा है कि दिव्येंदु और कुशा कपिला उनके पोता-पोती की भूमिका में हैं।

# यशराज की 'अल्फा' का हिस्सा बन उत्साहित हैं एक्ट्रेस शरवरी

शरवरी वाघ धीरे-धीरे इंडस्ट्री में अपना मुकाम बनाने की ओर बढ़ रही हैं। उन्हें दर्शकों और फिल्म आलोचकों की तरफ से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है। हाल में ही उनकी फिल्म 'मुंजा' रिलीज हुई है। इस फिल्म में भी उनके अभिनय की काफी तारीफ हुई है। आज हर कोई उनके बारे में बात कर रहा है। इस फिल्म के बाद से अभिनेत्री की लोकप्रियता राष्ट्रीय स्तर पर काफी बढ़ी है। अब वह जल्द ही आलिया भट्ट के साथ यशराज की एक जासूसी पर आधारित फिल्म में नजर आने वाली हैं। निर्माताओं द्वारा वीडियो क्लिप जारी कर इसका नाम 'अल्फा' बताया है। शरवरी फिल्म में अपनी भूमिका को लेकर तैयारियों में जुटी हैं। हाल में ही उन्होंने इस स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा बनने को लेकर बात की है। यशराज की जासूसी पर आधारित इस फिल्म में शरवरी-आलिया भट्ट नजर आने वाली हैं। उन्होंने आलिया और यशराज बैनर के साथ काम करने को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी है।

*आदित्य चोपड़ा के यशराज बैनर तले बनने वाली ये पहली महिला प्रधान जासूसी फिल्म होगी। निर्माता इसे एक भव्य एक्शन ड्रामा बनाना चाहते हैं। इसका निर्देशन शिव रवैल कर रहे हैं, जिन्होंने इससे पहले वेब सीरीज द रेलवे मेन बना चुके हैं। हाल में ही फिल्म से जुड़ा सेकंड का वीडियो जारी किया गया था, जिसमें आलिया भट्ट की ताकतवर आवाज में फिल्म के शीर्षक की घोषणा की जाती है। इस दौरान वीडियो में शानदार बैकग्राउंड स्कोर भी सुनने को मिलता है...*



### मुझे आलिया से बहुत कुछ सीखना है

अभिनेत्री ने कहा, मैं सेट पर आने, आलिया से हर दिन सीखने और अपना किरदार अच्छे से निभाने को लेकर काफी उत्सुक हूं। मैं अपने ऊपर किसी तरह का दबाव नहीं आने देना चाहती, क्योंकि दबाव की वजह से मैं मजे नहीं कर पाऊंगी और मैं ऐसा नहीं चाहती। सच कहूं तो इस यूनिवर्स का हिस्सा बनना, वो भी उनके साथ, जो मेरे आदर्श हैं, एक सपने के सच होने जैसा है। मैं आलिया भट्ट, दीपिका पादुकोण, कैटरीना कैफ को अपना आदर्श मानती हूं। अभिनेत्री ने आगे जोड़ते हुए कहा कि इस फिल्म में काम करना उनके लिए एक बेहद खास अनुभव है।

# महिला के गले से चेन झपटकर भागा बदमाश

## ट्रेन में चढ़ते समय हुई वारदात, अन्य यात्रियों के भी मोबाइल चोरी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** चलती ट्रेन में चढ़ते समय एक बदमाश ने महिला के गले पर झपट्टा मारकर सोने की चेन झपट ली। महिला कुछ समझ पाते इससे पहले ही लुटेरा भाग निकला। इधर अन्य यात्रियों के मोबाइल समेत हजारों का सामान भी चोरी हुआ है। जीआरपी ने सभी प्रकरणों में मामला दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी।



जानकारी के अनुसार पारू लबाना रतलाम की हैं। वह भोपाल जयपुर एक्सप्रेस में सीहोर से उज्जैन की यात्रा कर रही थी। सीहोर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन पहुंचने पर तेज बारिश हो रही थी, इसलिए वह प्लेटफार्म पर सामने आए एसी कोच में चढ़ गई। इसी बीच बदमाश ने उनके गले पर झपट्टा मारकर सोने की चेन झपट ली। लूटी गई चेन की कीमत 95 हजार रुपए बताई गई है। पारू ने इस मामले की शिकायत उज्जैन जीआरपी में की थी, वहां से केस डायरी आने के बाद भोपाल जीआरपी ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

### तीन युवकों के मोबाइल चोरी



नरसिंहपुर निवासी अभिषेक कुशवाह इंटरसिटी एक्सप्रेस में गाडरवारा से रानी कमलापति रेलवे स्टेशन की यात्रा कर रहा था। इस बीच चार्जिंग पर लगा उसका 14 हजार पांच सौ रुपए का मोबाइल चोरी हो गया। इसी प्रकार रायसेन निवासी मो. सोहेल तमिलनाडु एक्सप्रेस के जनरल कोच में भोपाल से दिल्ली की यात्रा कर रहे थे। ट्रेन में सवार होने के बाद देखा तो जेब में रखा 20 हजार रुपए का मोबाइल चोरी हो गया। इधर पांढुर्ना में रहने वाला कुनाल मगरे उज्जैन भोपाल पैसेंजर के जनरल कोच में सीहोर से भोपाल की यात्रा कर रहे थे। ट्रेन से उतरने के बाद देखा तो जेब में रखा 10 हजार रुपए का मोबाइल नहीं था।

# बैंक के सामने खड़ी युवक की बाइक चोरी



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

हनुमानगंज स्थित केनरा बैंक के सामने खड़ी एक युवक की बाइक चोरी चली गई। पुलिस के मुताबिक देवेंद्र कुमार साहू ( 43 ) शिवनगर करोंद में रहते हैं और घर पर किराना दुकान चलाते हैं। गुरुवार सुबह वह बैरसिया रोड स्थित केनरा बैंक गए थे। उन्होंने बैंक के सामने अपनी बाइक खड़ी की और काम से अंदर चले गए। करीब एक घंटे बाद बाहर निकले तो बाइक चोरी हो चुकी थी. इसी प्रकार न्यू अशोक विहार आनंद नगर में घर के सामने खड़ी विनोद चौकसे की बाइक चोरी चली गई। पुलिस ने दोनों मामलों में अज्ञात वाहन चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# मिसरोद रेलवे लाइन पर मिला युवक का शव



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित कौशल नगर में रेलवे ट्रैक के पास शुक्रवार सुबह एक युवक का शव बरामद किया है। युवक के पास से एक पर्ची मिली थी। पर्ची के अनुसार मृतक की पहचान कर ली गई है। हालांकि परिजन अभी शहडोल से भोपाल नहीं पहुंचे हैं। उनके पहुंचने के बाद ही मृतक की शिनाख्त की जा सकेगी। पुलिस ने बताया कि नायरा पेट्रोल पंप के पीछे कौशल नगर मिसरोद से शुक्रवार सुबह एक युवक का शव बरामद किया गया था। मृतक केवल लोवर और बनियान पहने हुए था। उसके लोवर की जेब से एक पर्ची मिली थी। पर्ची में मिले मोबाइल नंबर से संपर्क किया गया तो गांव के सरपंच ने कॉल रीसिव करते हुए बताया कि उक्त व्यक्ति पप्पू हो सकता है। सरपंच ने पप्पू आदिवासी के परिजन को भोपाल के लिए रवाना कर दिया था। शनिवार सुबह मर्चूरी में परिजन को शव दिखाकर शिनाख्त कराई जाएगी।

## पालतू कुत्ते के काटने पर मालिक पर केस

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** कोलार पुलिस ने महिला की शिकायत पर पालतू कुत्ते के मालिक पर एफआइआर की है। गुरुवार रात को कुत्ते ने महिला को काट लिया था। विरोध करने पर कुत्ते के मालिक ने जान से मारने की धमकी दी। कोलार श्वेता सिंह ने बताया कि मैं गुरुवार रात करीब 10.30 बजे टहलने जा रही थी। इस दौरान एक कुत्ते ने उनके पैर में काट लिया। परिजनों ने इसका विरोध किया तो कुत्ते के मालिक ने उनसे गाली-गलौज करते हुए धमकी दी कि कुत्ते को कुछ कहा तो जान से खत्म कर देंगे। पुलिस का कहना है कि मामले में प्रणव मिश्रा और खुशबू मिश्रा के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# महिला ने जहरीला पदार्थ पीकर की आत्महत्या



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

नजीराबाद थाना क्षेत्र स्थित गांव पीपाखेड़ी में गुरुवार शाम एक महिला ने जहरीला पदार्थ पी लिया। उल्टियां करने पर परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे थे, वहां कुछ ही देर चले इलाज के बाद महिला की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है। पुलिस का कहना हैड़कि परिजन के बयान नहीं हो सके हैं। बयान होने के बाद ही आत्महत्या की वजह स्पष्ट हो सकेगी। पुलिस के अनुसार मंजूबाई पति केसर सिंह अहिरवार ( 39 ) गांव पीपाखेड़ी, कस्बा नजीराबाद में रहती थी। मंजूबाई गृहणी थी, जबकि पति खेती किसानी करता है। परिजन ने बताया कि कल शुक्रवार शाम मंजूबाई ने जहरीला पदार्थ पी लिया था। वह उल्टियां कर रही थी। उससे उल्टियां करने का कारण पूछा गया तो उसने बताया कि जहर पी लिया है। इसके बाद उसे अस्पताल लेकर पहुंचे थे। अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# मकान और दुकान से हजारों की चोरी



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

गोविंदपुरा में मकान और पिपलानी में दुकान का ताला तोड़कर चोर हजारों रुपए का सामान चोरी कर ले गए। पुलिस के मुताबिक शक्ति नगर गोविंदपुरा निवासी अमित देशपांडे के मकान का ताला तोड़कर चोर इनवर्टर बैटरी और लोहे के ढक्कन समेत करीब बीस हजार रुपए का सामान चोरी कर ले गए। इधर पिपलानी थानांतर्गत पूर्वांचल कालोनी फेस-2 स्थित आशुतोष अग्रवाल की दुकान का ताला तोड़कर चोर 2 कम्प्यूटर और प्रिंटर समेत अन्य सामान चोरी कर ले गए। चोरी गए सामान की कीमत करीब 60 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस ने दोनों मामलों में केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# पत्नी की मौत से दुखी पति ने घर में लगा ली फांसी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

कमला नगर क्षेत्र में रहने वाले व्यक्ति ने घर में फांसी लगा ली। वह पत्नी की हत्या के बाद से दुखी रहता था। सुनील मोरे की पत्नी की उनके ही बेटे रौनक मोरे ने 14 फरवरी को हत्या कर दी थी। जिसके बाद से वह तनाव में रहता थ। कमला नगर पुलिस ने बताया कि सुनील मोरे 45 साल शबरी नगर में रहता था। गुरुवार को दिनभर जब वह घर से नहीं निकहा तो बेटी बेटी ने एक रिश्तेदार को लैट पर भेजा। दरवाजा अंदर से बंद था। पुलिस दरवाजा तोड़कर अंदर पहुंची तो सुनील का शव गमछे से बने फंदे पर पंखे से लटक हुआ था। सुनील मोरे की पत्नी की उनके ही बेटे रौनक मोरे ने 14 फरवरी को हत्या कर दी थी। बेटा इस दिन प्रेमिका से शादी कर उसे घर लाना चाहता था। मां इसका विरोध कर रही थी, इससे आक्रोशित होकर बेटे ने मां को धक्का दे दिया, जिससे वह गिर गई। इसके बाद उठकर उसने बेटे को थप्पड़ मार दिया, जो बेटे को इतना नागवार लगा कि उसने दुपट्टे से मां का गला घोंट दिया, जिससे उसकी मौत हो गई थी।

# इलाके में घूमता मिला जिलाबदर बदमाश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



हनुमानगंज पुलिस ने एक जिलाबदर बदमाश को गिरफ्तार किया है। वह कानून का उल्लंघन कर इलाके में ही घूमता हुआ मिला। आरोपी के खिलाफ रासुका के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस के मुताबिक मुखबिर से सूचना मिली कि हनुमानगंज थाने का जिलाबदर बदमाश मोहसिन कुरैशी उर्फ तंजीम रिलायंस पेट्रोल पंप के पीछे कुछ लोगों के साथ ख? होकर बातचीत कर रहा है। सूचना के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो एक युवक ने पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया, जिसे पुलिस ने घेराबंदी कर दबोच लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम मोहसिन कुरैशी ( 23 ) निवासी काजीकैंप हनुमानगंज बताया. आरोपी के खिलाफ नवंबर 2023 में जिलाबदर की कार्रवाई की गई थी। इसके तहत उसे भोपाल और उसकी राजस्व सीमाओं से लगे जिले सीहोर, राजगढ़, रायसेन और नर्मदापुरम से बाहर जाना था। इसके बावजूद बदमाश जिलाबदर कानून का उल्लंघन इलाके में ही घूम रहा था।

# छत से गिरकर मजदूर की मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



शाहपुरा थाना क्षेत्र स्थित दानापानी रोड पर शुक्रवार दोपहर निर्माणाधीन बिल्डिंग की छत से गिरने के कारण एक मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। साथी मजदूर उसे इलाज के लिए एम्स लेकर पहुंचे थे, वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी में रखवा दिया था। आज पीएम के बाद परिजन को शव सौंपा जगया है। पुलिस के अनुसार मलखान सिंह पिता मुन्नालाल ( 35 ) मिलन गार्डन के पास रायसेन का रहने वालाड़था। वह पेशे से मजदूर था और उसका काम देव लोक फार्म के पास दानापानी रोड पर निर्माणाधीन बिल्डिंग में चल रहा था। कल शुक्रवार दोपहर वह बिल्डिंग की छत पर काम कर रहा था, तभी संतुलन बिगड़ने से नीचे गिर गया। साथी मजदूर उसे लेकर एम्स पहुंचे। एम्स में करीब पांच घंटे बाद डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## बुजुर्ग से मोबाइल छीन कर भागे लुटेरे

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित कल्पना नगर में बाइक सवार लुटेरों ने 64 साल के बुजुर्ग का मोबाइल झपट लिया। लूटे गए मोबाइल की कीमत 12 हजार रुपए है। पुलिस ने अज्ञात बाइक सवार लुटेरों के खिलाफ लूट का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी अनुराग लाल ने बताया कि कल्पना नगर, पिपलानी निवासी 64 साल के अरुण कुमार, नगर निगम में कर्मचारी थी। गुरुवार रात करीब आठ बजे वह खाना खाने के बाद घर के बाहर टहल रहे थे और मोबाइल पर बातचीत कर रहे थे। इसी बीच पीछे से एक बाइक पर सवार दो लुटेरे पहुंचे। पीछे बैठे लुटेरे ने उनके हाथ से मोबाइल झपट लिया। लूटे गए मोबाइल की कीमत 12 हजार रुपए बताई जा रही है।

**मेट्रो एंकर** | मोहर्रम की सवारी देखने के लिए करबला गया था तभी हो गया हादसा

# तेज रफ्तार इलेक्ट्रिक रिक्शा पलटा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** शाहजहांनाबाद इलाके में तेज रफ्तार इलेक्ट्रिक रिक्शा पलटने से एक व्यक्ति को चोट आई है। पुलिस ने रिक्शा चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक फहीम अली शारदा नगर नारियलखेड़ा में रहता है और मजदूरी करता है।



बुधवार की शाम करीब 7 बजे वह अपनी भाभी का इलेक्ट्रिक रिक्शा लेकर मोहर्रम की सवारी देखने के लिए करबला गया था। उसके साथ रानू भी था. सवारी देखने के बाद दोनों रात करीब ग्यारह बजे वापस घर लौट रहे थे। उस वक्त रिक्शा रानू चला रहा था। शासकीय स्कूल के सामने बाबेअली ग्राउंड के पास मेन रोड पर रानू का तेज रफ्तार रिक्शा पलट गया। रिक्शा पलटने से फहीम अली के पेट और हाथ पैर समेत शरीर में अंदरूनी चोट आई थी। उस वक्त वह अपने घर चला गया था। अगले दिन थाने जाकर घटना की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## सड़क हादसे में एक साल की बच्ची की मौत

रातीबड़ थाना क्षेत्र स्थित बड़खेड़ी खुर्द में एक साल की बच्ची सड़क हादसे में घायल हो गई। परिजन उसे टीटी नगर स्थित निजी अस्पताल लेकर पहुंचे थे। निजी अस्पताल में इलाज के दौरान शुक्रवार रात उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है। पुलिस हादसे की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार लक्ष्मी पिता राजीव ( 1 ) मकान नंबर-12, नीलबड़ में रहती थी। गत 18 जुलाई को मां उसे लेकर रिश्तेदारी बरखेड़ी खुर्द लेकर पहुंची थी। वहां घर के सामने खेलते समय अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। परिजन उसे लेकर टीटी नगर स्थित निजी अस्पताल लेकर पहुंचे थे। निजी अस्पताल में इलाज के दौरान कल शुक्रवार रात उसकी मौत हो गई।




स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022